# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 30 अक्टूबर 2024

संवत 2081, कार्तिक कृष्ण पक्ष-13 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 53 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ भारतीय उद्यमियों के खिलाफ निराधार विमर्श क्यों

सिंघम अगेन से भूल भुलैया 3 के क्लैश पर माधुरी दीक्षित को दी दो टूक ◂◂ 6



ADMISSION OPEN 2025-26

Offline Registration forms are available in the school office on all working days from 9:00 AM to 2:00 PM.

Near Daladili Chowk, Agru, Ratu, Ranchi - 835222 (Jharkhand)

www.jkinternatioanlschool.co.in

7369017904, 7369017912

AFFILIATION NO.: 3430373

SCHOOL NO.: 66578

Affiliated to CBSE, New Delhi

J.K. INERNATIONAL SCHOOL

(An English Medium Co-educational 10+2, Residential cum Day School)

We Choose Us

HOSTEL FACILITY
CRICKET ACADEMY, SWIMMING POOL, GYM ETC.
PLAY WAY METHOD OF TEACHING
QUALIFIED & CARING STAFF
COMPUTER LAB
ART & CRAFT ROOM
ENCLOSED OUTDOOR PLAY AREA
ASSESSMENT & COUNSELLING
TRANSPORT FACILITY
WORLD-CLASS INDOOR AND OUTDOOR GAME FACILITIES

Sports · Cricket Ground · Dance & Music · Hostel with Canteen · Swimming Pool · Yoga Classes · Assembly Ground · Sports Academy


## झारखंड दौरे पर आ सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



मेट्रो रेज

**पलामू:** झारखंड विधानसभा चुनाव का पहला चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 20 नवंबर को होना है। वहीं, 23 नवंबर को मतगणना होगी। इधर, चुनाव नजदीक आते देख सत्ता दल और विपक्षी पाटीयां के नेता जोर शोर से सभा, चुनावी प्रचार करने में जुट गए हैं। भाजपा के बड़े से बड़े मंत्री झारखंड पहुंच रहे हैं। इस बीच देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी झारखंड आ सकते हैं। पीएम मोदी 4 नवंबर से झारखंड में चुनावी अभियान की शुरूआत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री इस दिन झारखंड में दो सभाओं में भाग ले सकते हैं।

संभावना जतायी जा रही है कि प्रधानमंत्री झारखंड के गढ़वा में चुनावी सभा को संबोधित कर सकते हैं। गढ़वा में पहली बार प्रधानमंत्री का कार्यक्रम आयोजित होना है। इससे पहले प्रधानमंत्री पलामू में पांच जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। हालांकि कार्यक्रम को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है। चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम गढ़वा की जगह पलामू हो सकता है। पलामू का मेदिनीनगर प्रमंडलीय मुख्यालय है और इस इलाके से पलामू, गढ़वा और लातेहार के सभी विधानसभा क्षेत्र नजदीक है। मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डा का मैदान प्रधानमंत्री के लिए लकी भी रहा है।

### गढ़वा में शुरू हुई तैयारी

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर गढ़वा के चेतमा में तैयारी भी शुरू हो गई है। जिस जगह पर प्रधानमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है, वहां पर सफाई का कार्य भी शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में मजदूरों को लगाया गया है। प्रधानमंत्री कार्यक्रम को लेकर गढ़वा में 'आओ पलामू' में भारतीय जनता पार्टी के टॉप नेता कैंपेन कर रहे हैं। बुधवार के दोपहर के बाद स्थिति तय होगी कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम गढ़वा में होगा या पलामू में। भारतीय जनता पार्टी के पलामू प्रमंडल प्रभारी विकास प्रीतम ने बताया कि गढ़वा के चेतमा मैदान में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का प्रस्ताव तैयार किया गया है। वहीं पर तैयारी भी की जा रही है।

## रांची में कैश की सूचना के बाद निजी स्कूल की जांच, पुलिस एक्टिव

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के एक निजी स्कूल में पुलिस के द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सूचना मिली है कि स्कूल में भारी मात्रा में नगद पैसे रखे गए हैं, जिनका इस्तेमाल चुनाव में किया जा सकता है। जिसके बाद राज्य पुलिस की बड़ी टीम स्कूल सर्च कर रही है।

### एसबीआई की टीम पहुंची

रांची पुलिस के द्वारा स्कूल में सर्च किया जा रहा है। स्कूल एक पॉलीटिकल पार्टी से जुड़े व्यक्ति का बताया जा रहा है। रांची पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि भारी मात्रा में नगद होने की सूचना पर कई डिपार्टमेंट के साथ स्कूल में दबिश दी गई है। स्कूल में नगद होने की सूचना पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक टीम भी मौके पर नोट गिनने वाली मशीन लेकर पहुंची है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक एक करोड़ रुपए से अधिक बरामद हो चुके हैं।



### नेता के घर पर भी सर्च

**वहीं,** जानकारी के अनुसार जिस पॉलीटिकल पार्टी से जुड़े नेता के स्कूल में सर्च किया जा रहा है, उसके घर पर भी एक टीम के द्वारा दबिश दी गई है। रांची पुलिस के कई डीएसपी और थानेदार सहित दर्जनों की संख्या में पुलिसकर्मी एक साथ मिलकर इस कार्रवाई कर रहे हैं। माना जा रहा है कि इस पैसे का इस्तेमाल झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में किया जाना था। हालांकि अभी तक पुलिस इस छापेमारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं कर रही है।





## गिरिडीह जेल में छापेमारी, 25 पदाधिकारी के साथ 115 जवानों ने खंगाले 21 वार्ड

मेट्रो रेज

**गिरिडीह:** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन सुरक्षा पर पैनी नजर रखे हुए है। सीमा इलाका हो या हाइवे सभी जगह पर विशेष टीम जांच कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार की सुबह जिलाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी डॉ बिमल कुमार की अगुवाई में गिरिडीह केंद्रीय जेल में छापा मारा गया। यहां डीसी-एसपी के साथ 25 पदाधिकारी और 115 जवान कारा के अंदर पहुंचे और सभी पांच ब्लॉक के 20 वार्ड के अलावा महिला वार्ड को खंगाला गया। इस दौरान कारा के अंदर अवस्थित अस्पताल को भी खंगालने का काम किया गया।

### दो घंटे तक चली छानबीन

**जेल के** अंदर सुबह 6 बजे ही प्रशासन की टीम पहुंच गई। सुबह 6 बजे से लेकर 8 बजे तक वार्डों को खंगालने का काम किया गया। छापेमारी टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि दो घंटे तक चले इस अभियान के दौरान खैनी और गुटखा के अलावा किसी प्रकार का आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है।

### छापेमारी टीम में ये अधिकारी रहे मौजूद

**इस** छापेमारी में सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विश्वपुते, डीएसपी वन नीरज कुमार सिंह, डीएसपी टू कौशर अली, एसडीपीओ सदर जीतबाहन उरांव, मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो, नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेश प्रसाद के अलावा ताराटांड, गांडेय और अहिल्यापुर थाना के पदाधिकारी मौजूद थे।

## दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी, कई ट्रेनें रही बाधित, यात्री रहे परेशान

**पलामू:** रेलवे के सीआईसी सेक्शन के छीपादोहार रेलवे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। जिसके चलते ढाई घंटे तक रेलवे का परिचालन बाधित रहा। इस दौरान कई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रही। घटना मंगलवार की रात की एक लॉन्ग हॉल मालगाड़ी की है।

बताया जा रहा है कि एक मालगाड़ी छीपादोहर रेलवे स्टेशन से गुजरने के क्रम में दो हिस्सों में बटं गई, जिससे काफी देर तक पूरा प्लेटफार्म क्षेत्र प्रभावित रहा। लॉन्ग हॉल मालगाड़ी में 96 बोगियां थी। मालगाड़ी के दो हिस्सों में बंटने के बाद रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद बरवाडीह रेलवे स्टेशन से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मालगाड़ी के अधिकांश डिब्बे प्लेटफार्म से बाहर थे, जिस कारण लूप लाइन पर ट्रेनों का परिचालन करना संभव नहीं हो पा रहा था। घंटों मेहनत के बाद मालगाड़ी के बोगियों को वापस जोड़ा गया। इसके बाद रात 12 बजे के बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य हुआ।



मालगाड़ी के दो हिस्सों में बंट जाने से रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस हेहेगड़ा स्टेशन, गरीब रथ एक्सप्रेस कुमंडी स्टेशन पर खड़ी रही। वहीं, इस हादसे के कारण हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, जम्मू तवी-टाटा एक्सप्रेस समेत अन्य सवारी ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोक दिया गया था। बरवाडीह रेलवे स्टेशन मास्टर अनिल कुमार द्विवेदी ने बताया कि हेहेगड़ा और छिपादोहार के बीच एक लॉग हाल मालगाड़ी का नकल टूट गया था। जिस कारण गरीब रथ और रांची सासाराम एक्सप्रेस 2 घंटे तक खड़ी रही। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार देर रात कड़ी मेहनत के बाद परिचालन को सामान्य किया गया। छिपादोहार रेलवे स्टेशन धनबाद रेल डिवीजन के सीआईसी सेक्शन के अंतर्गत आता है।

## दिवाली से पहले बोकारो में बम धमाका, दहशत में लोग

**बोकारो:** बोकारो के बीएस सिटी थाना क्षेत्र के लकड़ी गोला में बम विस्फोट हुआ है। कलेक्टर सिंह नाम के व्यक्ति के घर के बाहर यह धमाका हुआ है। धमाका इतना जोरदार था कि घर का छज्जा, दरवाजा और घर के अंदर रखा टेबल क्षतिग्रस्त हो गया। घर के अंदर से बम का स्प्लिंटर भी बरामद हुआ है। कलेक्टर सिंह ने कहा है कि रात लगभग पौने 2 बजे जोरदार धमाका हुआ, तो हम जाग गए। देखा कि शंकर साव और सोनू वहां से भाग रहे थे। कलेक्टर सिंह की पत्नी लीलावती देवी ने बताया कि एक साल पहले बाप-बेटे ने एक सिपाही के साथ मारपीट की थी। उसी मामले में कलेक्टर सिंह गवाह है। उसे लगातार डराया धमकाया जा रहा है।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि इस मामले में उसने थाने में आवेदन दिया, लेकिन कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अब हमलोग एसपी के पास जाएंगे और अपनी जान बचाने की गुहार लगाएंगे। इधर इंस्पेक्टर सुदामा दास ने कहा कि घटना मंगलवार की रात को हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। चुनाव आचार संहिता के बीच बम विस्फोट को पटाखा करार देने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## मुनचुन राय ने भी वापस लिया नामांकन



**रांची :** पहले संदीप वर्मा और अब मुनचुन राय। जी हां, रांची विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले संदीप वर्मा के बाद अब मुनचुन राय ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस तरह राजनीतिज्ञों की मानें तो भाजपा का वोट अब रांची में बंटने का खतरा टल गया है। इसका सीधा-सीधा लाभ भाजपा के उम्मीदवार सीपी सिंह को होगा। माना जा रहा है कि भाजपा उम्मीदवार की स्थिति पहले की अपेक्षा मजबूत हुई है। बता दें कि मुनचुन राय को मनाने के लिए भाजपा संगठन की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा था। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह भी उनके आवास पहुंचे थे। आखिरकार मुनचुन राय ने नामांकन वापस ले लिया, जो बीजेपी संगठन के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

**सीपी सिंह का महुआ माजी से सीधा मुकाबला :** बता दें कि रांची से सत्तारूढ़ दल झामुमो ने राज्यसभा की सांसद डॉ महुआ माजी को अपना उम्मीदवार बनाया है। महुआ माजी इससे पहले भी रांची विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं, लेकिन सीपी सिंह के सामने वह कभी चुनाव नहीं जीत पाईं। पिछली बार यानी 2019 के विधानसभा चुनाव में वह लगभग 5000 वोट से पीछे रह गई थीं और सीपी सिंह विधायक बन गए थे। खैर राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो डॉ महुआ माजी रांची से सीपी सिंह को अच्छी टक्कर देंगी।

## डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड पर बड़ा एक्शन गृह मंत्रालय ने गठित की हाई लेवल कमेटी

**नई दिल्ली ।** देश में बढ़ते साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट के मामलों को लेकर गृह मंत्रालय (एमएचए) ने बुधवार को एक हाई लेवल कमेटी गठित की है। बताया जा रहा है कि गृह मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा सचिव इस कमेटी को मॉनिटर कर रहे हैं।

दरअसल, पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में देशवासियों को 'डिजिटल अरेस्ट' को लेकर सजग रहने की नसीहत दी थी। साथ ही उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए 'रुको-सोचो-एक्शन लो' का मंत्र भी दिया था।

पीएम मोदी की नसीहत के बाद गृह मंत्रालय ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया। डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड से निपटने के लिए एक हाई लेवल कमेटी गठित की गई है। बताया जा रहा है कि डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं पर लगाम लगाने लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। सूत्रों की मानें तो डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं पर तत्काल एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं।





इसके अलावा गृह मंत्रालय के 14सी विंग ने सभी राज्यों की पुलिस से संपर्क भी किया है। एमएचए का 14सी विंग डिजिटल अरेस्ट पर केस-टू-केस मॉनिटर करेगा।

ज्ञात हो कि इस साल डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी 6,000 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई है। गृह मंत्रालय के साइबर विंग ने अब तक 6 लाख मोबाइल को ब्लॉक किया है। ये सभी फोन साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं में शामिल थे। इसके अलावा 14सी विंग ने अब तक 709 मोबाइल एप्लिकेशन को भी ब्लॉक किया है।

इतना ही नहीं, साइबर फ्रॉड में शामिल 1 लाख 10 हजार आईएमईआई को ब्लॉक किया गया है। साथ ही साइबर फ्रॉड से जुड़े 3.25 लाख फेक बैंक को भी फ्रीज किया गया है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मन की बात में डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड की घटनाओं को लेकर लोगों को जागरूक किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल अरेस्ट का फरेब करने वालों के बारे में कहा कि उनका पहला दांव होता है कि ये आपकी सारी व्यक्तिगत जानकारी जुटा कर रखते हैं। उनका दूसरा दांव भय का माहौल पैदा करने का होता है। यह फोन कॉल पर इतना डरा देंगे कि आप कुछ सोच ही नहीं पाएंगे। इसके बाद फ्रॉड करने वाले समय का अभाव दिखाते हैं। ये इतना मनोवैज्ञानिक दबाव बनाते हैं कि इंसान डर जाता है और डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो जाता है।


## जन्मदिन की बधाई



आचार्य हरिनंदन मिश्रा के जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामना और बधाई। आचार्य हरिनंदन मिश्र के जन्मदिन के अवसर पर समस्त वृहद परिजनों मित्रगण शुभचिंतक की ओर से हार्दिक शुभकामना और बधाई ।

## न्यूज ब्रीफ



### धनतेरस पर खूब हुई झाड़ू व मिट्टी के मूर्ती की बिक्री

**मुरी:** इस बार धनतेरस के मौके पर झाड़ू व गणेश लक्ष्मी मूर्ती की बिक्री अच्छी खासी रही। इसके साथ ही विभिन्न तरह के बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स की सामान, सोने चांदी के आभूषण, धातु के गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, मिट्टी के दीपक, राइस बल्ब की खूब खरीदारी लोगों ने की। इस दौरान शाम को काली मंदिर से लेकर बुंडू चौक तक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। दुकानदारी के समय ही शाम को कुछ देर बिजली कट जाने से दुकानदारों को असहजता महसूस हुई। मुर्तिकार जयपाल ने कहा कि मुर्ति 30 रुपये से 500 रुपए तक है वहीं दिया 80 रुपए से 200 रुपये सैकड़ा तक बजार में बिकी। पूजा को लेकर मुरी में भी काफी गहमागहमी रही।

### मांडर में अनियंत्रित टेम्पो पलटी ,स्कूल के छह छात्र और चालक गंभीर रूप से घायल

**मांडर :** मंगलवार को मांडर के टांगर बसली रोड पर बुढ़ाखूखरा गांव के पास एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें एक सवारी टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में संत अन्ना इंटरमीडियट कॉलेज के कक्षा +2 के छह छात्र-छात्राओं सहित टेम्पो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय टेम्पो में सकरा गांव की दिव्या उरांव (17), मंगरी उरांव (28), लोयो गांव के रोहित मिंज (18), तरशिला केरकेट्टा (18), अर्चना मिंज (18), गुमला की रहने वाली रितिका पलक (18) और बेड़ो चचकोपी गांव के चालक साहुद खान (28) सवार थे। दुर्घटना में सभी को स्थानीय लोगों की सहायता से मांडर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहाँ से रितिका पलक, मंगरी उरांव और चालक साहुद खान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, सभी छात्र-छात्राएँ स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रहे थे जब टेम्पो बुढ़ाखूखरा गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सभी लोग घायल हो गए। रितिका पलक गुमला की रहने वाली हैं और अपनी पढ़ाई के लिए मांडर के सकरा गांव में रहती हैं।

### हमारा संगठन संकल्प-पत्र पर खरा उतरेगी : देवेंद्रनाथ महतो



**मुरी:** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा अपने चुनावी रेस में है। जनसंपर्क में लगातार बने हुए हैं। केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो के द्वारा कुल 76 विधानसभा प्रत्याशी को फील्ड में उतार दिया है। चुनावी जीत को लेकर अपने रणनीति पर लगातार काम कर रही है। मंगलवार को संगठन ने अपने चुनावी संकल्प पत्र जारी किया गया। कुल 75 सूत्री संकल्प पत्र व संदेश जारी किया गया। प्रेस क्लब में वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, प्रवक्ता विजय कुमार सिंह, सलाहकार सदस्य अमित गिरी, महासचिव मार्शल महतो और सूरज महतो मौजूद रहे। प्रवक्ता द्वारा खतियान आधारित स्थानीय, नियोजन व विस्थापन निति आदि विस्तृत विवरण से संकल्प बिंदुओं को रखा गया। प्रेस वार्ता में वरीय उपाध्यक्ष ने कहा हमलोग अपने नीति सिद्धांत से नहीं बदल सकते। हमारा संगठन जारी संकल्पों के साथ कैची छाप पर मतदान हेतु चुनावी मैदान में उतर चुका हैं। जारी सभी मेनिफेस्टो पर हम खरा उतरेंगे।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, लोगों ने सड़क जाम कर किया हंगामा



**गिरिडीह:** जिला में ट्रक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया है। घटना गिरिडीह शहर की है। मृतक की पहचान कुरैशी मुहल्ला निवासी 26 वर्षीय शाहिद कुरैशी था। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजन व स्थानीय लोगों का जमावड़ा लगा और सड़क जाम कर दिया गया है। इस दौरान नारेबाजी और हो-हंगामा होने लगा है। सड़क जाम व हंगामा की सूचना पर डीएसपी नीरज कुमार सिंह, एसडीपीओ जीतबाहन उरांव, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद के साथ कई पदाधिकारी पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। गुस्साए लोगों ने जमकर नारेबाजी की और पुलिस प्रशासन को अनदेखी करते रहे। स्थानीय लोगों द्वारा लगातर नारेबाजी करते हुए मुआवजे की मांग की है। दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलते ही विधायक सुदिव्य कुमार, जेएलकेएम प्रत्याशी नवीन आनंद चौरसिया, माले नेता राजेश सिन्हा, कांग्रेस नेता अजय सिन्हा के साथ मो। इस्तियाक भी पहुंचे और पुलिस पदाधिकारी से बात की गई। इस दौरान पता चला कि ट्रक पकड़ा जा चुका है और उचित मुआवजा दिलवाने का भरोसा दिया गया है। वहीं पुलिस पदाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता की बात करते हुए भीड़ को तितर बितर करने का काम किया है। जिसके बाद भीड़ हटाने में पुलिस कामयाब हुए। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि मृतक युवक अपनी साइड से ट्रक पार कर रहा था। लेकिन ट्रक ड्राइवर की लापरवाही के कारण बाइक वाला ट्रक की चपेट में आ गया।

# धनतेरस पर मांडर के दुकानों में दिखी भीड़, लोगों ने जमकर की खरीदारी

मेट्रो रेज



**मांडर:** धनतेरस के शुभ अवसर पर मांडर के बाजारों में खासा उत्साह और रौनक देखने को मिली। स्थानीय दुकानों में भारी भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की और दुकानदारों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। इस मौके पर सोना-चांदी, बर्तन और अन्य शुभ सामग्रियों की बिक्री में बड़ा इजाफा हुआ। लोगों में नए सामान खरीदने का जोश और परंपरा का पालन करते हुए अपने परिवार के लिए सौभाग्य की वस्तुएं लेने की ललक साफ नजर आई।

धनतेरस पर सोना और चांदी खरीदने की प्राचीन परंपरा को निभाते हुए ज्वैलरी की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। इसके साथ ही बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की दुकानों पर भी खरीदारों का अच्छा खासा जमावड़ा देखने को मिला। खासकर मांडर के प्रमुख बाजारों में दुकानदारों ने बताया कि इस दिन की बिक्री उनके लिए सबसे फायदेमंद होती है और धनतेरस का पर्व साल के सबसे व्यस्त और लाभकारी दिनों में से एक होता है।

धनतेरस पर सिर्फ सोना-चांदी ही नहीं, बल्कि अन्य वस्तुएं जैसे बर्तन, घरेलू उपकरण, और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम की भी खूब बिक्री हुई। मांडर की बाजारों में हर प्रकार का सामान उपलब्ध है, जिससे लोग अपनी जरूरतों के मुताबिक खरीदारी कर सकते हैं। दुकानदारों ने बताया, ह्लधनतेरस पर खरीदारों की भारी भीड़ रहती है, और इस दिन की कमाई पूरे साल में सबसे ज्यादा होती है। लोग इस शुभ अवसर पर नए बर्तन, गहने और अन्य घरेलू चीजें लेना शुभ मानते हैं।

धनतेरस पर मांडर के बाजारों में पारंपरिक खरीदारी के साथ-साथ आधुनिक चीजों की भी मांग बढ़ी हुई थी। जहां बुजुर्ग पारंपरिक बर्तन और पूजा का सामान ले रहे थे, वहीं युवा पीढ़ी ने स्मार्टफोन, लैपटॉप और अन्य आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक आइटम में भी रुचि दिखाई। इस तरह से मांडर के बाजारों में अलग-अलग आयु वर्ग के लोग अपनी पसंद के सामान खरीदते नजर आए, जिससे बाजारों में विविधता और उत्साह बना रहा।

बाजारों में इतनी भीड़ देखकर दुकानदार बेहद खुश थे। कई दुकानों ने विशेष छूट और ऑफर भी दिए थे, जिससे ग्राहकों को आकर्षित किया जा सके। एक दुकानदार ने बताया, ३धनतेरस हमारे लिए बहुत खास दिन है। इस दिन लोग खुले मन से खरीदारी करते हैं, जिससे हमारी बिक्री बढ़ती है और हमारे लिए यह साल की सबसे व्यस्त शाम बन जाती है।

धनतेरस के इस पर्व ने न केवल लोगों के घरों में सौभाग्य का आगमन किया, बल्कि मांडर के बाजारों में भी उत्साह और खुशियों का माहौल पैदा कर दिया। हर तरफ हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला, जिससे यह त्योहार और भी यादगार बन गया।

## बाघवार एकेडमी के छात्रों का मतदाता जागरूकता अभियान




मेट्रो रेज

**चान्हो :** मंगलवार को बाघवार एकेडमी के कक्षा 6 से 12 तक के लगभग डेढ़ सौ छात्रों ने चान्हो और आसपास के क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत, प्रभात फेरी निकालकर छात्रों ने आगामी विधानसभा चुनाव में नागरिकों को 13 नवंबर 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। झारखंड सरकार के आदेशानुसार, प्रत्येक सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालय में 28 और 29 अक्टूबर को स्वीप (सिस्टेमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) एक्टिविटी के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। सोमवार को बाघवार एकेडमी में चित्रकला, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, वाद-विवाद प्रतियोगिता, और क्विज जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो छात्रों में जागरूकता और क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए। आज की प्रभात फेरी में छात्रों ने लोगों को चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने वोट का महत्व समझाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अभियान में विद्यालय के सभी शिक्षकों और नॉन-टीचिंग स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

छात्रों द्वारा आयोजित इस प्रभात फेरी ने आसपास के लोगों का ध्यान आकर्षित किया और मतदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

## अवैध शराब की दुकानों पर पुलिस का छापा

### 10 लीटर महुआ और अन्य शराब जब्त



**चान्हो :** चान्हो थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामदगा मोड़ के पास पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री पर शिकंजा कसते हुए एक छापेमारी की। इस कार्रवाई में आनंद कुमार साहू और संदीप कुमार साहू की दुकानों पर छापा मारकर 10 लीटर महुआ, 12 बियर, 07 बोतल तूफानी देसी शराब और 02 कैन बियर विधिवत जप्त किए गए।

पुलिस को देखते ही दोनों दुकानदार मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सभी जब्त सामग्री को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। यह छापेमारी क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा की जा रही सख्त कार्यवाहियों का हिस्सा है।



### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर दो दिवसीय प्रतियोगिता कार्यक्रम, कई कलाकार ले रहे हिस्सा

**हजारीबाग:** झारखंड विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन के स्वीप सेल के द्वारा आर्ट 81 आधारित फेस्टिवल का आयोजन किया गया। रांची से आए संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय समेत कई पदाधिकारी ने मेला का उद्घाटन किया है। यह कार्यक्रम 29 और 30 अक्टूबर को गांधी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। मेला का प्रवेश निःशुल्क है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हजारीबाग के कला प्रतिभाओं को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। अगर आप एक अच्छे डांसर, गायक, चित्रकार, रंगोली या मेहंदी कलाकार हैं तो 29 और 30 अक्टूबर को गांधी मैदान मटवारी हजारीबाग में आयोजित प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। जिला प्रशासन चयनित प्रतिभागीयों को पुरस्कृत करेगा। जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इसी के तहत हजारीबाग के गांधी मैदान में दो दिवसीय आर्ट 81 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग में पड़ने वाले सभी विधानसभा के मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में पेंटिंग के जरिए मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। यहां राज्य के कोने-कोने के कलाकारों के एक से बढ़कर एक कलाकृतियां लगाई गयी हैं।

## डॉ नीरा यादव की जीत सुनिश्चित करने के लिए आजसू का खुला समर्थन

### आजसू जिला उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा- कोडरमा विधानसभा में लगेगी भाजपा की हैट्रिक

मेट्रो रेज



**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार कोडरमा विधानसभा में विजयी पताका फहराने के लिए संकल्पित नजर आ रही है। आजसू जिला उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर के नेतृत्व में नवालशाही के भीमेडीह में चुनावी सभा का आयोजन दिन मंगलवार को किया गया। इस सभा में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी वहीं सभा में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नुनु लाल मरांडी और भापजा प्रत्याशी नीरा यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं सभा में अतिथियों का गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया गया। बता दें कि भाजपा उम्मीदवार डॉ नीरा यादव की जीत सुनिश्चित करने के लिए आजसू ने खुलकर समर्थन दिया है। साथ ही लगातार बैठकों और सभाओं का दौर शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा उम्मीदवार डॉ नीरा यादव की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा की चुनावी सभा संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा मंडल उपाध्यक्ष किशोर यादव, ओबीसी मोर्चा से पंकू साव सहित उपस्थित सभी भाजपा नेताओं और कार्यकर्ता ऊजार्वान दिखे। वहीं सभा में श्री मरांडी ने कहा कि सभी लोग भाजपा उम्मीदवार नीरा यादव को पुनः जीत दिलाने के लिए चुनावी मैदान में कमर कस कर उतर जाए। आपलोग कोडरमा में कमल का बटन दबाकर भाजपा को जीत सुनिश्चित करें। इस बार भाजपा हैट्रिक लगने जा रहे हैं। राज्य में जिस तरह से बंटी और बबली की सरकार ने ठगने का कार्य किया। इस सरकार से लोग निजात पाना चाह रहे हैं। वहीं नीरा यादव ने कहा जहां भी जा रहे है सभी देवतुल्य जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। वहीं आजसू उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि इस गूंगी बहरी और लंगडी हेमंत सरकार को अगर उखाड़ फेंकना है तो भाजपा के उम्मीदवार को आशीर्वाद देकर कोडरमा में कमल खिलाएं। सभा में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नुनु लाल मरांडी, भाजपा गिरिडीह जिला कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र ठाकुर, आजसू जिला उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर के साथ सैकड़ो महिलाएं पुरुष युवा मौजूद थे।

## हजारीबाग में रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**हजारीबाग:** रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव की मंगलवार की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जानकारी के अनुसार मंजीत यादव को आवाज देकर घर से बुलाया गया और इसके बाद घर के बाहर दो स्कूटी पर सवार चार अज्ञात अपराधियों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी।

**घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार :** गोली मारने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए और मंजीत यादव घर के पास ही जख्मी अवस्था में सड़क पर गिर गए। घटना के बाद परिजनों और आसपास के लोगों ने घायल अवस्था में मंजीत को उठाकर आरोग्य अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 7:00 के आसपास मंजीत अपने सिरका स्थित घर से नारियल पानी पीने के लिए मार्खम कॉलेज के पास गए थे। उन्होंने एक नारियल पानी वहां पी और कुछ नारियल लेकर अपने घर सिरका पहुंचे।

**घर से बाहर बुलाकर मार दी गोली :** मंजीत के घर पहुंचने के साथ ही बाहर से कुछ लोगों ने उन्हें आवाज लगाई। इस पर मंजीत यादव ने जवाब दिया कि वे नारियल पानी पी कर आ रहे हैं। इसके बाद जैसे ही मंजीत घर से बाहर निकाले दो स्कूटी में सवार चार अज्ञात अपराधियों ने उनपर अंधाधुंध गोलियां चला दी। जिससे उनकी मौत हो गई। चार गोली उनके पेट लगी और कुछ गोली उनकी छाती में लगी थी।

**आक्रोशित परिजनों ने किया सड़क जाम :** इधर, घटना से आक्रोशित परिजनों ने जिला मोड़ को करीब 2 घंटे तक जाम कर दिया। परिजन अविलंब अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। परिजनों का कहना है कि दिनदहाड़े जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया है उससे कानून-व्यवस्था का पता चलता है। उन्होंने जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाकर जाम हटवाया।

**जांच में जुटी पुलिस :** इधर, घटना के बाद पूरे इलाके में पेट्रोलिंग तेज कर दी गई है। जगह-जगह पुलिस छापेमारी कर रही है, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ को सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को भी खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान हो सके।

**हत्याकांड का जल्द होगा खुलासा:** एसपी वहीं मंजीत यादव हत्याकांड को लेकर हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टया जमीन और पैसे के लेन-देन का मामला लगता है। मामले में विवेक सोनी नामक शख्स को हिरासत में लिया गया है। सीसीटीवी में जिसका चेहरा सामने आया है उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। बहुत जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

**जमीन के कारोबार से जुड़े थे मंजीत**

बता दें कि मंजीत यादव की पत्नी सुनीता देवी वार्ड पार्षद हैं।मंजीत यादव मूल रूप से जमीन के व्यवसाय से जुड़े थे। मंजीत ने एक बार आजसू पार्टी की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था। साथ ही हजारीबाग के प्रसिद्ध रामनवमी शोभा यात्रा और अन्य कई सामाजिक कार्यों में वह बढ़-चढ़कर योगदान देते थे। इस कारण मंजीत यादव की हत्या हजारीबाग में चर्चा का विषय बन गया है।इधर, जैसे ही घटना के बारे में लोगों को जानकारी मिली स्थानीय आरोग्य अस्पताल पहुंच गए।





# जेके इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में दिवाली उत्सव का आयोजन

**मेट्रो रेज**

**रांची :** बुधवार को रातू के अगरू स्थित जे.के. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल द्वारा उत्साहपूर्वक दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया। जब दीया जलाया गया, तो उत्सव आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया। छात्रों की रंगोली की रचनाओं ने 'रोशनी के त्योहार' को जीवंत बना दिया और उत्सव के लिए आदर्श माहौल तैयार किया। प्रिंसिपल ने बच्चों को जीवन और अच्छाई के उत्सव के रूप में त्योहार के मूल अर्थ के बारे में बताया, कैसे हमेशा बुराई पर अच्छाई की जीत होती है, और पूरे भारत में दिवाली मनाने के कारण और रीति-रिवाज बताए। उन्होंने न केवल विद्यार्थियों को पटाखों के नकारात्मक परिणामों के बारे में जागरूक किया, बल्कि उन्हें पटाखे फोड़ने के लिए सुरक्षा संबंधी सुझाव भी दिए। एक उत्साहित गीत प्रदर्शन के साथ, युवाओं ने दिवाली के सार का प्रदर्शन किया। अंत में प्रिंसिपल खुशबू झा ने स्वच्छ, सुरक्षित और उज्ज्वल दिवाली का संदेश दिया।

## न्यूज ब्रीफ



### स्क्रूटनी के बाद पहले चरण में 743 प्रत्याशी, आज नाम वापसी का अंतिम दिन

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव के रण में स्क्रूटनी के बाद 743 प्रत्याशी पहले चरण के मतदान के लिए ताल ठोक रहे हैं। पहले चरण में 43 सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होने हैं। जिसके लिए 30 अक्टूबर को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है। इसके बाद तस्वीर साफ हो जाएगी की पहले चरण के चुनावी रण में कितने उम्मीदवार शामिल हैं। चुनाव आयोग की द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 805 प्रत्याशियों के द्वारा 1609 नॉमिनेशन दाखिल किए गए थे। जिसमें स्क्रूटनी के बाद 743 प्रपत्र सही पाए गए। बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में इन विधानसभा क्षेत्र में हुए चुनाव में कुल 633 उम्मीदवार खड़े थे। जाहिर तौर पर पिछले चुनाव की तुलना में इस बार प्रत्याशियों की संख्या अधिक है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि नाम वापसी के बाद पहले चरण के मतदान में शामिल प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

**बड़कागांव, जमशेदपुर पश्चिम और हटिया में सर्वाधिक 28-28 प्रत्याशी :** प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रपत्रों की स्क्रूटनी के बाद पहले चरण के चुनाव में सर्वाधिक बड़कागांव, जमशेदपुर पश्चिम और हटिया में सर्वाधिक 28-28 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सबसे कम प्रत्याशी खरसावां सीट पर हैं। यहां स्क्रूटनी के बाद 10 प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं। अगर 2019 के विधानसभा चुनाव से तुलना करें तो इस चुनाव में खरसावां में 16 प्रत्याशी खड़े थे। इसी तरह जमशेदपुर पश्चिम से 2019 के चुनाव में 20, बरकागांव सीट से 23 और हटिया से 22 प्रत्याशी खड़े थे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण में स्क्रूटनी के बाद कोडरमा में 16, बरकट्ठा- 23, बरही- 19, बड़कागांव- 28, हजारीबाग- 24, सिमरिया- 11, चतरा- 12, बहरागोड़ा- 15, घाटशिला- 12, पोटका- 16, जुगसलाई- 13, जमशेदपुर पूर्वी- 26, जमशेदपुर पश्चिमी- 28, ईचागढ़- 23, सरायकेला- 16, खरसावां- 10, चाईबासा- 15, मझगांव- 14, जगन्नाथपुर- 11, मनोहरपुर- 14, चक्रधरपुर- 12, तमाड़- 19, तोरपा- 13, खूंटी- 11, रांची- 22, हटिया- 28 कांके- 14, मांडर- 17, सिसई- 18, गुमला- 19, बिशुनपुर- 15, सिमडेगा- 15, कोलेबिरा- 19, लोहरदगा- 17, मनिका- 11, लातेहार- 14, पांकी- 16, डालटनगंज- 24, बिश्रामपुर- 20, छतरपुर- 14, हुसैनाबाद- 20, गढ़वा- 22 और भवनाथपुर में 17 प्रत्याशी वर्तमान में चुनाव मैदान में हैं।

### राजधानी रांची में गरूड़ आई होस्पिटल में नेत्र रोग की विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध

## पीड़ित मानवता की सेवा में सबसे बड़ा मानव धर्म : डॉ.अभिषेक सिंह




**मेट्रो रेज**

**रांची :** राजधानी स्थित नेत्र रोग चिकित्सा का विश्वसनीय संस्थान मीनाक्षी नेत्रालय सेवा संस्थान की इकाई गरूड़ आई होस्पिटल में नेत्र रोग चिकित्सा की विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध है। यहां काफी किफायती दर पर नेत्र रोग की चिकित्सा व मोतियाबिंद ऑपरेशन सहित अन्य प्रकार के नेत्र रोगों का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में किया जाता है। उक्त बातें झारखंड के जाने-माने नेत्र रोग विशेषज्ञ व मीनाक्षी नेत्रालय सेवा संस्थान के व्यवस्थापक डॉ. अभिषेक सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड पर अवस्थित ड्रीम हाइट अपार्टमेंट स्थित गरुड़ आई हॉस्पिटल (चापूटोली) में एम्स (नई दिल्ली) में सेवारत रहे डॉ.समीर कुमार, झारखंड के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिषेक शाहदेव की सेवाएं उपलब्ध हैं। डॉ.सिंह ने बताया कि इस अस्पताल में विशेष रूप से गरीबों और जरूरतमंद मरीजों का इलाज काफी किफायती दर पर उपलब्ध है। वहीं, अस्पताल में विश्वस्तरीय सेवाएं उपलब्ध कराई गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों व अनुभवी पैरामेडिकल टीम मरीजों का इलाज करने के लिए चौबीसों घंटे तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में झारखंड के अन्य जिलों में भी गरूड़ आई होस्पिटल की शाखाएं खोली जाएगी। उन्होंने कहा कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में लोगों को विश्वस्तरीय सुविधाएं किफायती दर पर उपलब्ध कराना लक्ष्य है।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शौंडिक सम्मेलन 11 जनवरी को

**रांची** 30 अक्टूबर दिन बुधवार झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु को छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक संघ के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि धनतेरस एवं दिपावली के शुभ पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायी से भेंट मुलाकात कर आगामी वर्ष 11 जनवरी 2025 को रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय शौंडिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्यअतिथि हेतु आमंत्रण पत्र दिया। समाज के आमंत्रण पत्र को मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए सुंडी समाज की गरिमा महिमा का माननीय मुख्यमंत्री जी ने मान बढ़ाया जिसके लिए समस्त शौंडिक समाज ने गौरान्वित महसूस किया ।



इस अवसर पर शौंडिक समाज के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा वहां मौजूद माननीय प्रबल प्रताप सिंह जूदेव जी को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शौंडिक समाज के अध्यक्ष श्री शिवरतन प्रसाद गुप्ता जी एवं अन्य पदाधिकारियों को दीपावली की बधाई शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि शौंडिक समाज की प्रगति एवं सोद्देश्य पूरा होगा इस शुभ घड़ी मैं समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा बुके,श्री रामदरबार की मोमेंटो प्रतिकृति स्मृति चिह्न भेंट किया । समाज के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री एवं वहां मौजूद प्रदेश के अन्य माननीय मंत्री, विधायक, अफसरों से मुलाकात कर अत्यंत हर्ष की अनुभूति हुई और माननीय द्वारा सभी पदाधिकारियों का ससम्मान अनुगृहित भी किया जिससे ऐसा महसूस होता है कि समाज के लिए 11 जनवरी एक ऐतिहासिक दिन होगा जब हम रायपुर में पूरे भारतवर्ष के सुंडी समाज जन एकजुट होकर समाज के उत्थान एवं उत्कर्ष हेतु मंथन चिंतन करेंगे जिससे समाज की दशा एवं दिशा के साथ भावी भविष्य निर्धारित होगी। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक श्री श्याम किशोर गुप्ता जी, संरक्षक श्री सुभाष साहू जी (रांची झारखंड), मुख्य सलाहकार श्री ओमप्रकाश गुप्ता जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री शिव रतन प्रसाद गुप्ता जी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता जी, संयुक्त सचिव श्री आनन्द प्रसाद गुप्ता जी , मीडिया सलाहकार श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के साथ ही अनेकों पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची :** आज यूनियन बैंक ऑफ इंडिया दीपाटोली शाखा द्वारा आर्मी पब्लिक स्कूल दीपाटोली रांची सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत स्कूल के छात्र,छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और जो छात्र,छात्राएं अच्छा पेंटिंग बनाए उनको पुरस्कार भी दिया गया साथ ही ईमानदारी से कार्य करने के लिए शपथ भी दिलाया गया।इस कार्य कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अंचल कार्यालय रांची से सतर्कता मुख्य प्रबंधक श्री मनीष कुमार,दीपाटोली शाखा के शाखा प्रबंधक श्रीमती शिखा सिंह,सहायक प्रबंधक शिशिर कुमार,दिनेश कुमार शर्मा और स्कूल के शिक्षक मोहम्मद साबिर हुसैन जी भाग लिए । सभी कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक मोहम्मद साबिर हुसैन जी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता को दो वर्गों में बांटा गया था और विजेताओं का नाम इस प्रकार है पलक सिंह चौहान ,निधि महतो, निमिषा, शरण गुड़िया , आराधना ग्रुप बी के विजेता सानिया रानी, अनवी ,इशिका कुमारी, शांतनु घोष तथा तेजस्वी थे इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में शाखा प्रबंधक श्रीमती शिखा सिंह तथा कला शिक्षक मोहम्मद साबिर हुसैन थे बच्चों को विजेताओं को यूनियन बैंक के अधिकारियों के द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (समाज कल्याण)**
**जिला बाल संरक्षण ईकाई**

**-: आम सूचना :-**

बाल कल्याण समिति, गुमला के निदेश के आलोक में।



नाम– काजल उरॉव
उम्र– 6 वर्ष
वजन– 19 किलोग्राम
लम्बाई– 3'5"
लिंग– बालिका
पिता– अर्जुन (महली) उरॉव
माता– अनिता देवी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बालिका काजल उरॉव, पिता–अर्जुन (महली) उरॉव, माता– अनिता देवी, उम्र– 6 वर्ष, वजन– 19 किलोग्राम, रंग– सांवला, पता–ग्राम बिशुनपुर, थाना– बिशुनपुर, जिला– गुमला का निवासी है। बालिका को सिसई थाना द्वारा दिनांक– 18.07.2022 को बाल कल्याण समिति, गुमला में प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति, गुमला में मामला सं0–430/22 दर्ज है। उक्त बच्ची को सिसई थाना अन्तर्गत बरगॉव निवासी चरका उरॉव को बनारस बस स्टैंड में रोते एवं भटकते हुये पायी गई थी। बच्ची की भाषा सादरी होने के कारण बनारस से सिसई, गुमला लाकर बच्ची को सिसई थाना को सुपूर्द कर दिया गया। सिसई थाना द्वारा बाल कल्याण समिति के प्रस्तुती के तिथि से अब तक बालिका के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक की जानकारी नहीं है। उक्त बालिका के जैविक माता–पिता अथवा विधिक संरक्षक को ज्ञात हो तो कृपया विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि से 60 दिनों के अन्दर कार्यालय, बाल कल्याण समिति, गुमला या जिला बाल संरक्षण ईकाई, गुमला में दस्तावेज के साथ दावा प्रस्तुत करें।

दावा प्रस्तुत करने के लिए दिये गए समय सीमा के समाप्ति के पश्चात बच्ची पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण विनियम–2022 के नियम–6 के उपनियम–7 के अंतर्गत बच्ची को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, गुमला द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

सम्पर्क करे :–
मोबाईल नं0– 08825206317, 09304803573 ।
प्रकाशन :– कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला, कमरा नं0–A06, समाहरणालय भवन, चन्दाली, जिला गुमला।

PR 339691 Women, Child Development & Social Security (24-25)_D

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गुमला

## दूसरे चरण में 634 प्रत्याशियों ने किया नामांकन
## सबसे अधिक बोकारो और धनवार में भरा गया पर्चा

**मेट्रो रेज**

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनावी रण में दूसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोगों ने नामांकन पर्चा भरा. राजमहल सहित राज्य के 38 विधानसभा सीटों के लिए आगामी 20 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान होना है। इसके लिए 22 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक नॉमिनेशन दाखिल किए गए।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक दूसरे चरण में कुल 634 लोगों ने नामांकन पर्चा भरा है। नामांकन के अंतिम दिन 297 प्रत्याशियों के द्वारा पर्चा भरा गया। 30 अक्टूबर को सभी नामांकन पत्रों की जांच होगी।




वहीं, नामांकन वापसी की तिथि 1 नवंबर निर्धारित की गई है। जाहिर तौर पर नामांकन वापसी के बाद अंतिम रूप से प्रत्याशी की सूची जारी कर दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगी। इस दौरान यदि कागजात को लेकर कोई शंका उत्पन्न होती है तो संबंधित आरओ के द्वारा वैसे प्रत्याशियों से जानकारी मांगी जाएगी।

**सर्वाधिक धनवार और बोकारो में नामांकन दाखिल :** दूसरे और अंतिम चरण में होने वाले मतदान में शामिल होने के लिए प्रत्याशियों के द्वारा दाखिल नामांकन में सर्वाधिक नॉमिनेशन धनवार और बोकारो सीट पर हुआ है। जहां 27-27 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन पर्चा भरा गया है। आंकड़ों के मुताबिक राजमहल में 15, बोरियो में 16, बरहेट में 11, लिट्टीपाड़ा में 10, पाकुड़ में 21, महेशपुर में 18, शिकारीपाड़ा में 13, नाला में 21, जामताड़ा में 19 दुमका में 14, जामा में 17, जरमुंडी में 19, मधुपुर में 18, सारठ में 18, देवघर में 08,पोरैयाहाट में 13, गोड्डा में 21, महागामा में 13,रामगढ़ में 18, मांडू में 21,धनबार में 27, बगोदर में 19, जमुआ में 12, गांडेय में 17, गिरिडीह में 17, डुमरी में 13, गोमिया में 21, बेरमो में 18, बोकारो में 27, चंदनकियारी में 12, सिंदरी में 10, निरसा में 11,धनबाद में 19, झरिया में 12, टुंडी में 24, बाघमारा में 13, सिल्ली में 16 और खिजरी में 22 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है।

**कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रॉंची**
**(निर्वाची कोषांग–62 खिजरी (अ०ज०जा०)**
**Mail- erokhijri.jh@eci.gov.in**

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव, 2024 हेतु 62–खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक की नियुक्ति भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा की गई है, जिनका आगमन रॉंची जिले में हो चुका है। एतद् द्वारा उक्त विधानसभा क्षेत्र के सभी सर्वसाधारण यथा विभिन्न दलों के प्रत्याशी अथवा स्वतंत्र उम्मीदवार, राजनीतिक दलों एवं आमजनों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड विधानसभा आमचुनाव, 2024 के सामान्य प्रेक्षक का नाम, दूरभाष संख्या, ई–मेल, एवं उनके आवासन तथा मिलने का समय आदि से संबंधित जानकारियॉं निम्नवत् हैं :–

| क्र. सं. | सामान्य प्रेक्षक का नाम | सम्बद्ध विधानसभा क्षेत्र का नाम | आवासन | मोबाईल सं0 | टेलीफोन/ई–मेल | मिलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | SHRI RATNAKAR JHA, IAS (G-27152) | 62-KHIJRI | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड, रॉंची। Room No. 211 | 8808841183 | 0651-2913391 e-mail- observercellranchi2024@gmail.com | 10.00 AM TO 11.00 AM |

अतएव उक्त के आलोक में 62–खिजरी विधानसभा क्षेत्र के सभी अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्त्ता/राजनैतिक दल के प्रतिनिधि एवं आम मतदाताओं को संसूचित किया जाता है कि यदि उन्हें झारखण्ड विधानसभा आमचुनाव, 2024 से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा मामले परिलक्षित हो तो व्यक्तिगत रूप से अथवा उक्त मोबाईल संख्या/दूरभाष/ई–मेल पर सामान्य प्रेक्षक से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

निर्वाची पदाधिकारी,
62–खिजरी(अ०ज०जा०) विधानसभा क्षेत्र
–सह–
अपर समाहर्त्ता, नक्सल, रॉंची

PR 339709 (District)24-25*D

## सुविचार

दिल के सच्चे लोग भले ही जीवन में अकेले रह जाते हैं लेकिन ऐसे लोगों का साथ भगवान जरूर देता है।

## परिसीमन, कास्ट सेंसस के सवाल, चुनौती मुश्किल है

**आखिर** देश में जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने के आसार दिखने लगे हैं। हालांकि सरकार की ओर से आधिकारिक घोषणा इसकी अभी भी नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के हवाले से जिस तरह की सूचनाएं मीडिया में आई हैं और उनमें तैयारियों का जितना बारीक ब्योरा दिया गया है, उससे लगता है कि अब सरकार ने मन बना लिया है। हर दस साल के अंतर पर होने वाली जनगणना कायदे से 2021 में ही हो जानी चाहिए थी, लेकिन कोविड-19 महामारी से उपजे हालात के चलते इसे स्थगित करना पड़ा। लेकिन 2022 और 2023 के बाद अब 2024 भी बीतने को है। जनगणना में देरी से कई तरह की जटिलताएं पैदा हो रही हैं। लेटेस्ट डेटा उपलब्ध न होने की वजह से सरकारी योजनाओं के तहत फंड आदि के निर्धारण का काम भी 2011 के आंकड़ों के ही आधार पर हो रहा है, जो पुराने पड़ चुके हैं। इस बार की जनगणना को खास बनाने वाली एक बड़ी बात यह है कि इसके साथ परिसीमन संबंधी विवाद भी जुड़ गया है। देश में लोकसभा क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया 2002 में किए गए संशोधन की वजह से टली हुई थी। उसके मुताबिक 2026 के बाद होने वाली जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही नया परिसीमन हो सकता है। अगर जनगणना नियमित अंतराल में होती तो परिसीमन का काम 2031 की जनगणना से मिले आंकड़ों के आधार पर होता। अब बदले हालात में यह 2027 में हो सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि 2029 के लोकसभा चुनाव नए परिसीमन के मुताबिक होंगे। इस स्थिति ने दक्षिण और उत्तर के राज्यों का एक अवांछित विवाद खड़ा कर दिया है। चूंकि लोकसभा क्षेत्र के निर्धारण का एक मुख्य आधार जनसंख्या रही है, इसलिए माना जा रहा है कि परिसीमन के बाद लोकसभा में उत्तर भारत के राज्यों का हिस्सा अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगा, जिससे राष्ट्रीय राजनीति में साउथ का दबदबा कमजोर पड़ेगा। देखना होगा कि सरकार साउथ की आशंका को मिटाने का क्या उपाय निकालती है। इस बार की जनगणना के साथ जाति की गणना का प्रश्न भी जुड़ा है। विपक्षी दलों की इस मांग को एनडीए से जुड़े कुछ दलों का भी समर्थन हासिल है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस मसले पर सरकार अपना रुख कितना और कैसे बदलती है। महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था भी इसी सेंसस के बाद लागू होनी है। साफ है कि इस जनगणना से आबादी के अलग-अलग तबकों की कई सारी उम्मीदें और आशंकाएं जुड़ी हैं, जो इसे सरकार के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण बनाती हैं।

## शांति की संभावना, जेलिंस्की को भारत से उम्मीद

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलिंस्की ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में जितने स्पष्ट शब्दों में शांति की जरूरत स्वीकार करते हुए भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संभावित मध्यस्थ के रूप में रेखांकित किया, वह महत्वपूर्ण है। हालांकि दोनों पक्षों- यूक्रेन और रूस के रवैये में उस तरह के लचीलेपन का संकेत अभी नहीं मिला है, जो शांति समझौते की बुनियादी शर्त है। वैसे, जेलिंस्की अपने देश की तरफ से शांति सम्मेलन भी आयोजित कर चुके हैं, लेकिन उसे शांति की इच्छा से ज्यादा अपने अनुकूल माहौल बनाने की कोशिश के रूप में लिया गया। संभवतः इसीलिए उस सम्मेलन में शिरकत करने के बावजूद भारत ने संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर तक नहीं किया। उसका साफ कहना था कि शांति का कोई भी समझौता दोनों पक्षों को शामिल किए बगैर संभव नहीं है। इस बार वह इस रूप में एक कदम आगे बढ़े हुए दिख रहे हैं कि उन्होंने भारत जैसी संभावित मध्यस्थ शक्तियों की भूमिका पर ज्यादा जोर दिया है। हालांकि अभी भी भारत से उनकी सबसे बड़ी शिकायत यही है कि वह इस युद्ध में निष्पक्ष रुख अपनाए हुए है जबकि उसे पीड़ित यानी यूक्रेन के साथ खड़ा होना चाहिए। इसे युद्ध की ही विसंगति कहेंगे कि युद्धरत पक्ष मध्यस्थता की उम्मीद करते हुए भी मध्यस्थों के लिए जमीन उपलब्ध कराने को तैयार नहीं होते। वे यह नहीं समझते कि अगर कोई देश उनके साथ खड़ा होगा तो दूसरे पक्ष की नजर में दुश्मन हो जाएगा। फिर उस पर दूसरा पक्ष विश्वास नहीं करेगा और उसके मध्यस्थता करने की गुंजाइश समाप्त हो जाएगी। फिर भी यह पॉजिटिव डिवेलपमेंट कहा जाएगा कि नाराजगी को दरकिनार करते हुए जेलिंस्की ने भारत से मध्यस्थता की अपेक्षा जताई है। इसके पीछे जहां हाल के महीनों में रूसी फौज का बढ़ता दबाव है, वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर पैदा हो रही अनिश्चितता की भी भूमिका है। माना जा रहा है कि अगर डॉनल्ड ट्रंप फिर से वाइट हाउस में वापसी करते हैं तो यूक्रेन को मिल रही मदद पर रोक लग सकती है। यह निश्चित रूप से जेलिंस्की के लिए चिंता की बड़ी वजह है। युद्ध में एक पक्ष की चिंता अक्सर दूसरे पक्ष की उम्मीद बढ़ा दिया करती है। आश्चर्य नहीं कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने दो दिन पहले फिर कहा कि वह शांति समझौते के लिए यूक्रेन को किसी तरह की छूट नहीं देने जा रहे। मगर शांति की राह अक्सर ऐसी मुश्किलों के बीच से ही निकलती है। इसलिए परदे के पीछे शांति प्रयास तेज किए जाने की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता।

# भारतीय उद्यमियों के खिलाफ निराधार विमर्श क्यों

इन दोनों उद्योगपतियों का गुजरात से नाता है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। इसलिए, आम जनता के बीच नरेन्द्र मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए कई विपक्षी नेता रोजाना समाज में भ्रामक विमर्श प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पीएम मोदी इन दोनों उद्यमियों की समृद्धि के लिए काम कर रहे हैं। किसी भी चीज के लिए उद्यमियों की आलोचना करना और उनकी निंदा आम बात है।

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और इंडी गठबंधन में शामिल बाकी दलों की मानसिकता स्पष्ट है, जैसे कि चुनाव जीतने के लिए कुछ भारतीय उद्यमियों के बारे में झूठे विमर्श गढ़ना। क्या आपने कभी उन्हें चीन या उन चीनी उद्यमियों का जिक्र सुना है, जिन्होंने बड़ी संख्या में हमारी नौकरियां छीन लीं, हमारा पैसा लूटा, हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया और उस पैसे का इस्तेमाल हमारे ही देश के खिलाफ किया? क्या आपने कभी इन नेताओं को अमेरिकी और यूरोपीय उद्यमियों के बारे में चर्चा करते सुना है जिन्होंने हमारा शोषण किया? क्या ऐसा नहीं लगता कि वे 140 करोड़ के बाजार वाले देश को इन विदेशी उद्यमियों को सौंपना चाहते हैं? यह स्वार्थ और परिवार पहले- के रवैये से शुरू होता है। इसीलिए जब नरेंद्र मोदी ने ₹आत्मनिर्भर भारत₹ पहल का प्रस्ताव रखा तो ये सभी मण्डली नाराज हो गईं। भाजपा सरकार का लक्ष्य देश में रोजगार बढ़ाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ₹राष्ट्र पहले₹ की भावना से भारत में अधिक नौकरियां पैदा करने, भारतीय उद्यमियों को बढ़ाने और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पिछले दस वर्षों में 40 नीतियों को लागू किया है। धीरे-धीरे सभी क्षेत्रों में उसका सकारात्मक परिणाम हम देख रहे हैं। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कांग्रेस के समय में हमने देखा कि लकड़ी का फर्नीचर, जो एक भारतीय व्यवसाय है, खिलौने और कई अन्य उत्पाद जो भारत में बनाए जा सकते हैं, उन्हें चीन से जितना संभव हो सके आयात किया जा रहा था, जिससे हमारे उद्यमी कमजोर हो रहे थे और बेरोजगारी बढ़ रही थी। प्रधानमंत्री मोदी के ₹आत्मनिर्भर भारत₹ पहल के तहत अधिकांश वस्तुएं अब भारत में निर्मित हो रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ वस्तुएं और उपकरण जो हम आयात करते थे, अब निर्यात किए जा रहे हैं और आने वाले वर्षों में इसमें काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। क्या यह विपक्ष के बीच चिंता का विषय है?

**विरोधियों के निशाने पर अडानी-अंबानी क्यों**

इन दोनों उद्योगपतियों का गुजरात से नाता है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। इसलिए, आम जनता के बीच नरेन्द्र मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए कई विपक्षी नेता रोजाना समाज में भ्रामक विमर्श प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पीएम मोदी इन दोनों उद्यमियों की समृद्धि के लिए काम कर रहे हैं। किसी भी चीज के लिए उद्यमियों की आलोचना करना और उनकी निंदा आम बात है। व्यवसायों की अक्सर आलोचना की जाती है, भले उनका आपस में कोई संबंध न हो। अंबानी और अडानी उद्योगपति हैं जो लगातार राजनीतिक हमले से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। व्यवसायों, पेशेवरों और उद्यमियों पर आलोचना और हमले कोई नई बात नहीं है। बीसवीं सदी के दौरान खासकर आजादी के बाद टाटा और बिड़ला ने भारतीय व्यापार पर अपना दबदबा बनाया। राजनेताओं और नौकरशाहों के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों के कारण उन पर अक्सर क्रोनी कैपिटलिज्म का आरोप लगाया जाता था।

अडानी ने वर्षों से आलोचनाओं का सामना किया है, खासकर स्वार्थी राजनीतिक समूहों से। उन्होंने कभी भी राजनीतिक उत्पीड़न को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। वे भारतीयों के लिए रोजगार पैदा करने के अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहे हैं। उनकी फर्मों ने पिछले दशक में भारतीयों के लिए लाखों रोजगार सृजित किए हैं और यह मानने का कोई कारण नहीं है कि आने वाले वर्षों में यह संख्या घटेगी। वास्तव में, भारत में अपने व्यवसाय को विकसित करने की उनकी महत्वाकांक्षी आकांक्षाओं को देखते हुए, सृजित नौकरियों की संख्या में और भी अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। अंबानी, अडानी, टाटा और बिड़ला भारत में रहे और भारतीयों के लिए भारतीय उत्पाद, कंपनियाँ बनाईं, आम आदमी के लिए अपार शेयरधारक संपत्ति बनाई, डिजिटल स्पेस, अक्षय ऊर्जा क्षेत्र, ओ एंड जी, खाद्य आपूर्ति श्रृंखला, परिधान, दूरसंचार, रक्षा और शिपिंग में क्रांति ला दी, धातु और ऑटोमोबाइल उद्योगों में भी रोजगार सृजित किए, भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और वैश्विक स्तर पर भारत का नाम प्रसिद्ध किया।

जबकि अधिकांश देशों में, बड़े व्यवसाय को राष्ट्रीय संपत्ति माना जाता है और तद्नुसार समर्थन दिया जाता है। भारत में ऐतिहासिक आर्थिक नीतियों, राजनीतिक घोटालों और सरकार विरोधी भावनाओं की विरासत ने बड़े व्यवसाय या उद्यमियों के प्रति सार्वजनिक दृष्टिकोण के बीच मतभेद पैदा किया है। बहरहाल, भारतीय फर्मों ने देश की आर्थिक और तकनीकी उन्नति के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसकी स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। परिभाषा के अनुसार, एक व्यवसाय पैसा कमाने के लिए शुरू किया जाता है। एक सफल व्यवसायी का भाग्य निःस्संदेह चमकेगा यदि उस धन का उपयोग देश के विकास को गति देने के साथ-साथ अधिक धन सृजन के लिए किया जाता है। यह समाज और राष्ट्र के लिए बहुत लाभकारी होगा। प्रतिद्वंद्वी की संपत्ति में वृद्धि ईर्ष्या का कारण बन सकती है। एक देश के रूप में, हमें धन सृजन का जश्न मनाना चाहिए जब तक कि इसका उपयोग आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के लिए किया जाता है। स्कॉच समूह द्वारा स्थापित 'इंडिया इनवॉल्व इंटरवेंशन' देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में कॉर्पोरेट योगदान को मान्यता देता है। उन्होंने एक सूचकांक बनाया जो 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्र के लिए भारतीय कंपनियों की प्रतिबद्धता का आकलन करता है। 231 चरों के आधार पर कंपनियों की उनकी 2023 रेटिंग में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर रही, उसके बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर, अडानी समूह, बैंक ऑफ इंडिया और ल्यूपिन का स्थान रहा। 2023 में किए गए छह महीने के सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि 40% कंपनियां डिजिटल परिवर्तन को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद पर्यावरण उत्कृष्टता (24%), कॉर्पोरेट उत्कृष्टता (19%), सामाजिक उत्कृष्टता (14%), और शासन उत्कृष्टता (2%) का स्थान आता है।

नौकरियाँ पैदा करना निःस्संदेह देश की सबसे बड़ी चिंता है। देश के 140 करोड़ नागरिकों में से केवल 1.4 करोड़ ही सरकार के लिए काम करते हैं। यह देखते हुए कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा निजी कंपनी में काम की तलाश कर रहा है, क्या भारतीय उद्यमियों को विशेष रूप से लक्षित करना उचित है? क्या उन उद्यमियों को निशाना बनाना राष्ट्रीय हित के विरुद्ध नहीं है जो लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं, स्वरोजगार को बढ़ावा देते हैं, जीवन स्तर को ऊपर उठाते हैं तथा देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं? रिलायंस फाउंडेशन का ग्रामीण परिवर्तन कार्यक्रम जो 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में संचालित होता है, उपेक्षित लोगों को सशक्त बनाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह प्रयास 2.7 मिलियन लोगों तक पहुँचा और महिला उद्यमिता व टिकाऊ कृषि के साथ-साथ नए आजीविका पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। 1996 में स्थापित अडानी फाउंडेशन ने 19 राज्यों के 5753 गाँवों में कई तरह की परियोजनाएँ शुरू की हैं। इसने 7.3 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित करके एकीकृत विकास के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। फाउंडेशन सामाजिक शांति, समान विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को प्राथमिकता देता है। दोनों उद्यमी समाज सेवा के रूप में ऐसे कई कार्य करते हैं। हम सभी को यह पहचानना चाहिए कि हमारे अपने उद्यमियों के खिलाफ बोया जा रहा जहर समाज, राज्य और देश के लिए विनाशकारी है। हमें उन राजनीतिक दलों के खिलाफ सतर्क रहना चाहिए जो हमें गुलामी में वापस लाना चाहते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि भारतीय उद्यमी हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति और गौरव का स्रोत हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# लेखनी को पलने-बढ़ने का माहौल देता उत्तराखंड का 'लेखक गांव'

इस पाँच दिवसीय महोत्सव में 65 से अधिक देशों के साहित्यकार, लेखक और कलाकारों ने भाग लिया, जो हिन्दी भाषा और उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में कामयाब हुए। यह महोत्सव हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार का एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हुआ और इसमें भाग लेने वाले विदेशी साहित्यकार अपने देशों में हिन्दी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे।

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

देहरादून के निकट सुरम्य हिमालयी क्षेत्र स्थित थानो गाँव ने देश के अपनी तरह के पहले 'लेखक गांव' का गौरव हासिल किया है। इस गाँव की अवधारणा से लेकर उसका विकास उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने किया है जो स्वयं साहित्यकार की भी पहचान रखते हैं। उनका दावा है कि इस गाँव में लेखकों को अपनी कृतियों के सर्जन के लिए जरूरी एक शांत और रचनाशील वातावरण मिलेगा।

देश के पहले लेखक गाँव थानो में स्पर्श हिमालय फाउंडेशन द्वारा हाल ही में आयोजित स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024 भारतीय साहित्य, संस्कृति और कला की समृद्ध धरोहर का प्रतीक बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में उत्तराखण्ड के पहले ₹लेखक गाँव₹ का उद्घाटन हुआ, जहाँ लेखक और विचारक प्रकृति के सान्निध्य में सृजनात्मक चिंतन की स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं। हिमालयीय वैशिष्ट्यता लिए 'लेखक गाँव' का उद्देश्य देश-दुनियाँ के उन विलक्षण, विद्वान साहित्यकारों, गीतकारों, कलाकारों को ठौर प्रदान करना है, जिनकी लेखनी ने अपने समय की कालजयी रचनाओं का सर्जन कर आमजन के बीच लोकप्रियता हासिल की। ₹लेखक गाँव₹ का यह अनूठा आयोजन न केवल साहित्यकारों को प्रेरणा प्रदान करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यहाँ लेखक कुटीर, संजीवनी वाटिका, नक्षत्र और नवग्रह वाटिका, पुस्तकालय और गंगा व हिमालय संग्रहालय जैसी संरचनाओं ने इसे एक सम्पूर्ण साहित्यिक तीर्थ बना दिया है।

25 से 27 अक्टूबर 2024 को स्पर्श हिमालय फाउंडेशन के तत्वावधान में देहरादून के थानो में स्थित लेखक गाँव में अंतरराष्ट्रीय कला, साहित्य और संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया किया। इस पाँच दिवसीय महोत्सव में 65 से अधिक देशों के साहित्यकार, लेखक और कलाकारों ने भाग लिया, जो हिन्दी भाषा और उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में कामयाब हुए। यह महोत्सव हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार का एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हुआ और इसमें भाग लेने वाले विदेशी साहित्यकार अपने देशों में हिन्दी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे।

देवभूमि उत्तराखण्ड का यह ₹लेखक गाँव₹ प्रदेश की अद्भुत रचनात्मकता और सृजनशीलता का प्रतीक है। यहाँ का शांत और सुरम्य वातावरण लेखकों को सर्जन के लिए एक आदर्श स्थान प्रदान करता है। चिंतन, मनन और स्वयं की खोज में ₹लेखक गाँव₹ जैसे स्थानों की महत्ता है। ऐसे एकांत और सृजनात्मक वातावरण में लेखकों को आत्म-साक्षात्कार का सजीव अनुभव प्राप्त होता है। लेखक गाँव की मूल परिकल्पना को यथार्थ के धरातल पर उतारते हुए 'लेखक कुटीर' इस परिसर का सबसे महत्त्वपूर्ण और संवेदनाओं को सहेजता है। जीवन के तमाम कड़वे-मीठे अनुभवों और झंझावतों को स्वयं में समेटे ऐसे वयोवृद्ध लेखकों के लिए यह परिसर स्वयं में स्नेह और आशीष की छाँव में स्थापित एक ऐसा स्थान है जहाँ प्रतिक्षण मानवता की सेवा चरितार्थ होगी। विश्व के हिमालयीय सरोकारों से जुड़े प्रसिद्ध लेखकों, साहित्य साधकों एवं कालाकारो के नाम से 'लेखक कुटीर' नाम की तख्ती सजी होगी। प्रकृति के आँचल में नाना प्रकार के फूलों की सुगन्धित खुशबू पूरे परिसर को सकारात्मक ऊर्जायुक्त तरंगों से महका देगी। अध्ययन, लेखन और जीवन को जीवंत बनाने के लिए 'लेखक कुटीर' में निवास कर रहे लेखकों को यथासम्भव सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। लेखक गाँव के ग्रंथालय में समस्त हिमालय राज्यों के साहित्य, संस्कृति, इतिहास, सामाजिक, राजनितिक, भूगोल, दर्शन, धर्म, ज्ञान-विज्ञान आदि विशयों से सम्बंधित ग्रंथों को स्थान दिया गया है।

प्राचीन ऐतिहासिक मूर्तियों, चित्रों, सिक्कों, पाण्डुलिपियों एवं अन्य दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह किया जाएगा। पहाड़ी चित्र कला, विश्व स्तरीय फोटोग्राफरों के चित्र ग्रंथालय की शोभा बढ़ाएंगे। ग्रंथालय का अतिरिक्त परिवेश निर्मित करते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि पवित्रता और शांति का वातावरण बना रहे। ग्रंथालय का निर्माण हिमालयी लोक संस्कृति, वास्तु शिल्प के उद्धरण रूप में निर्मित होगा। पहाड़ी गाँव के भवन निर्माण शिल्प के आधार पर हिमालय ग्रंथालय का निर्माण किया जाएगा जिसमे खोली, छज्जा एवं तिवारी बनाई जाएगी। ग्रंथालय पहाड़ी पत्थर एवं स्थानीय ककाश्ठ से निर्मित किया जाएगा। ग्रंथालय का निर्माण हिमालयी लोक संस्कृति, वास्तु शिल्प के उद्धरण रूप में निर्मित होगा।

लेखक गाँव में आने वाले छात्रों, शोधार्थियों, लेखकों एवं विभूतियों सहित सभी आगंतुकों की आवासीय व्यवस्था, भवन का परिवेश केवल छात्रावास या विश्रामगृह तक सीमित न होकर सुख, परम शांति और अद्भुत आनन्द से परिपूर्ण घर का पूर्ण आभास प्रदान करेगा। आवासीय परिसर प्रकृति के मध्य आगंतुकों के चित और चिंतन को नव ऊर्जा प्रदान करके आवासीय समय को सकारात्मक, रचनात्मक तथा अविस्मरणीय बनायेगा। ₹लेखक गाँव₹ जैसे स्थान भारत के साहित्य और संस्कृति को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की क्षमता रखते हैं। इनमें होने वाले महोत्सव साहित्य, कला और संस्कृति के विविध रंगों को संरक्षित और सशक्त बनाते हुए भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करने का संकल्प दोहराते हैं। लेखक गाँव के ₹स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024₹ ने साहित्यिक और सांस्कृतिक जागरूकता का नया अध्याय लिखा है। यह आयोजन न केवल उत्तराखण्ड की धरती पर रचनात्मकता का संचार लाया है बल्कि साहित्य, संस्कृति और कला के माध्यम से भारतीय धरोहर को संजोए रखने में सहायक सिद्ध होगा।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# लाभ नहीं मिल रहा है तो धारणा बदलिए

मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जब भी हम कोई नया कार्य करते हैं, तो हमारे स्वयं के दिमाग में उसका सम्भावित परिणाम पहले से ही बनने लगता है। इसे समझने के लिए एक छोटा सा उदाहरण लेते हैं, मान लीजिए आप डाइनिंग टेबल पर डिनर कर रहे हैं, आपको खाने में नमक कम लगता है, लेकिन टेबल पर नमक नहीं मिलता है, आपकी पत्नी बताती है कि नमक किचेन में नीचे वाली अलमारी में रखा है, जाकर ले आओ। आप तुरन्त यह कहकर मना कर देते हैं, कि नमक आपको नहीं मिलेगा, आप नहीं जाऐंगे।




आपकी पत्नी एक बार फिर जोर देकर कहती है, लेकिन आप उठने के मूड में नहीं हैं, जिसके कारण आप बहाना बनाने लगते हैं कि आपको नमक नहीं मिलेगा। तीसरी बार आपकी पत्नी के कहने पर आप मन मारकर उठ तो जाते हैं लेकिन किचेन में अलमारी समेत कई जगह ढूंढ़ने के बावजूद आपको नमक मिलता ही नहीं है, जिसके कारण मजबूर होकर आपकी पत्नी को किचेन में आना पड़ता है और पहली बार में ही अलमारी में नमक मिल जाता है जो सामने ही रखा होता है। तब आपके उपर यह इल्जाम लगता है कि आपको जिस जगह इतना ढूंढ़ने पर भी नमक नहीं मिला, वहीं पर आपकी पत्नी ने एक ही बार में उसे कैसे ढूंढ़ लिया। निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि आप जो सोचते हैं, जिस प्रकार आपके मन की धारणा है, वह आपके कार्य पर खास प्रभाव डालती है।

आपके अन्तर्मन की धारणा की वजह से ही आपका दिमाग उस कार्य से जुड़ा एक काल्पनिक वातावरण तैयार करता है, जो आपकी सफलता या असफलता का जिम्मेदार होता है। आपके मन में कार्य की सफलता के प्रति विश्वास होना बहुत जरूरी है। जैसे कि किचेन से नमक लाने के बारे में आपने यह धारणा पहले ही बना ली, कि नमक आपको नहीं मिलेगा, जिसके कारण आपके दिमाग ने इसी धारणा पर कार्य किया और किचेन में आपको नमक नहीं मिला।

## अध्यात्म

### भाग्य पर भरोसा करने से कुछ नहीं होता

**महाराज** भृर्तहरि के अनुसार मनुष्य के भाग्य में जितना धन पाना लिखा है, वह उसे रेगिस्तान में भी प्राप्त हो जायेगा, उससे अधिक सोने के पहाड़ पर भी प्राप्त नहीं होगा, अत: व्यक्ति को धैर्य रखना चाहिये। घड़े में उतना ही पानी समाएगा, जितने की उसकी क्षमता है, चाहे उसे किसी भी कुएं से भरा जाये अथवा समुद्र से। प्राचीन नीति शास्त्र और ग्रंथों में भाग्य का महत्व स्वीकार किया गया है, लेकिन यह भी बताया गया है कि भाग्य के साथ-साथ कर्म यानि प्रयास और पुरुषार्थ का भी बड़ा महत्व है। पंचतंत्र की एक कथा का सार भाग्य और पुरुषार्थ के रहस्य को बताता है, कथा अनुसार एक अज्ञानी व्यक्ति सोचता है कि वह बिना मेहनत किए राजा के समान जी सकता है, लेकिन उसे यह बाद में पता चलता है कि बिना कर्म के सिर्फ भाग्य पर भरोसा करने से कुछ नहीं होता। इसलिए नीति शास्त्रों में कहा गया है कि मनुष्य का भविष्य उसके हाथ में ही होता है और यदि वह सही दिशा में प्रयास करें तो वह अपने भाग्य को बदल सकता है। भाग्य और पुरुषार्थ के संतुलन को महत्वपूर्ण माना गया है। भाग्य व्यक्ति के जीवन का एक हिस्सा है लेकिन सही समय पर सही कर्म और बुद्धिमानी से निर्णय लेना भी आवश्यक है। मनुस्मृति के अनुसार अगर व्यक्ति निष्क्रिय होकर सिर्फ भाग्य का इंतजार करता है, तो वह असफल हो सकता है। कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है। भाग्य से प्राप्त होने वाली परिस्थितियां हमारे वश में नहीं होती, लेकिन उन पर प्रतिक्रिया कैसे देनी है, यह हमारे हाथ में होता है। अर्जुन का उदाहरण इस बात को स्पष्ट करता है, कि भाग्य महत्वपूर्ण है, लेकिन बिना पुरुषार्थ के सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। महाभारत के अनुसार पुरुषार्थी, भाग्य के अनुसार प्रतिष्ठा पाता है, पर अकर्मण्य असह्य दु:ख भोगता है। भाग्य परिस्थितियों को निर्धारित कर सकता है, लेकिन व्यक्ति के कर्म ही उसके परिणाम को प्रभावित करते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## चुनावी सभा में कांग्रेस सांसद भाजपा पर बरसे, कहा-

# महिलाओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं

मेट्रो रेज

**पाकुड़ :** पाकुड़ विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निशात आलम के नामांकन के मौके पर कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत पाकुड़ पहुंचे नामांकन के बाद सांसद सुखदेव भगत ने जिला मुख्यालय स्थित रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम में आयोजित जनसभा में भाग लिया इस जनसभा में मौजूद लोगों को संबोधित किया साथ ही कांग्रेस उम्मीदवार निशात आलम को भारी मतों से जिताने की अपील की

इस जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार ने राज्य के लोगो के लिए विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा और इसका लाभ गरीब, किसान, पिछड़े वर्ग को मिला है हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार के कार्यों को देख विपक्ष घबरा गयी है और साजिश कर के ईडी, सीबीआई सहित कई एजेंसियो को पीछे लगा दिया है




झूठे आरोप में हमारे नेता, मंत्री को जेल भेजा गया पर यह सब कुछ करने के बाद भी कुछ बिगाड़ नहीं पाई क्योंकि झूठ तो आखिर झूठ ही होता है

कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने राज्य की महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए मईया सम्मान योजना को धरातल पर उतारा और इसका लाभ भी महिलाओं को मिलने लगा है केंद्र की मोदी सरकार ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया और पीएम आवास योजना को बंद करवा दिया, लेकिन हमारी महागठबंधन की सरकार ने अबुआ आवास शुरू किया और आज लाखों आवासविहीन लोगों को इसका लाभ मिला है

कांग्रेस के जामताड़ा विधायक सह ग्रामीण विकास मंत्री पर सीता सोरेन के खिलाफ कथित टिप्पणी के आरोप पर कहा कि कांग्रेस सांसद ने कहा कि कांग्रेस निश्चित रूप से महिलाओं का सम्मान करती है और अगर किसी के द्वारा महिलाओं के खिलाफ टिप्पणी की जाती है तो कांग्रेस पार्टी इसकी निंदा करती है उन्होंने कहा कि यह बात किस परिपेक्ष में कही गई है इस के लिए हमारी अनुशासन कमेटी है और यह बात उनके संज्ञान में है और इसकी जांच की जा रही है इस जनसभा को राजमहल के झामुमो सांसद विजय हांसदा, कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम, प्रदेश महासचिव तनवीर आलम, उदय लखमानी, जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मंसारूल हक ने भी संबोधित किया इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में गठबंधन की सरकार बनाने की अपील जनता से की।

### नामांकन के अंतिम दिन काफी गहमागहमी

झारखंड विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण में 20 नवंबर को पाकुड़ जिला की तीन विधानसभा सीटो पर होने वाले चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन काफी गहमागहमी रही राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी सहित कई लोगों ने अपना अपना नामांकन दाखिल किया कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम के अलावा समाजवादी पार्टी के अकील अख्तर, आजसू के अजहर इस्लाम, भारतीय जनता पार्टी के नवनीत एंथोनी हेम्ब्रम, शिव सेना उद्धव गुट के शंभुनंदन कुमार, जयराम महतो पार्टी के मार्क बास्की सहित कई निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर कांग्रेस, आजसू, भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ही नही बल्कि शिव सेना उद्धव गुट के प्रत्याशी ने शंभूनंदन कुमार ने भी अपनी ताकत जनसभा और रोड शो के जरिये दिखाई इन सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सामान्य सीट पाकुड़ के लिए कुल 21, अनुसूचित जनजाति सुरक्षित लिट्टीपाड़ा के लिए 10 और महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के 16 प्रत्याशियों ने आज नामांकन दाखिल किया है सभी प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्रों की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी।

## मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें : डॉ प्रवीण



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** बुधवार को सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ्ड प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा का औचक निरक्षण किया गया !निरीक्षण के क्रम में ओपीडीआईपीडी प्रसव कक्ष उपस्थिति पंजी, साफ -सफाई आदि को देखे।सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा उपस्थित पारामेडिकल कमीयों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने सभी सूचकांक को सुधारने डाटा का ससमय प्रविष्टि आदि का निर्देश दिया गया ।

### आज होगी नामांकन पत्र स्क्रूटनी का कार्य

**साहिबगंज :** आज होगी तीनों विधानसभा क्रमश1 राजमहल, 2 बोरियों अ0ज0जा0 और 03 बरहेट अ0ज0जा0 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में पूर्वाहन 11:00 बजे से नामांकन पत्र स्क्रूटनी का कार्य किया जाएगा।

### आर्म्स एक्ट दो अलग-अलग मामलों एक अपराधी गिरफ्तार

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया किरंगदारी एवं आर्म्स एक्ट दो अलग-अलग मामलों के नन बेलेबल वारंटी गोपालपुर, घीसू टोला निवासी सुभाष चौधरी, पिता रामबालक चौधरी, को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## छापामारी में संदिग्ध सामग्री और आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं : उपायुक्त

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव - 2024 को लेकर मंडल कारा साहिबगंज में आज सुबह जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा छापामारी की गई।जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा आठ दलों का गठन किया गया। जिनके नेतृत्व में अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनील किस्कू,जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, कार्यपालक दंडाधिकारी सीके दास, सदर सीडीपीओ किशोर तिर्की, नगर थाना, जिरवाबाडी.



थाना प्रभारी उपस्थित थे। छापेमारी में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं हुई बरामद उपायुक्त के द्वारा जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा से सभी वार्ड में छापामारी के दौरान अपनी नजर बनाए रखें थें।जांच के दौरान जेल के अंदर किसी भी प्रकार की होने वाली आपराधिक घटनाओं के लिए साजिश और अन्य किसी अवैध गतिविधि, अवैध समाग्रियों को चेक किया गया।वहीं छापामारी में फिलहाल किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध सामग्री या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई । उपायुक्त के द्वारा जेल अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन , को जेल परिसर में निगरानी रखने के साथ कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

## जनता दरबार में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्या

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित मरियम हांसदा, रजनी देवी, नीलू खातून, गुलबदन खातून, एवं अन्य लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही।गौरतलब है



कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित एवं असंबंधित रहे।जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

### गर्भवती का सात घंटा बाद हुआ ऑपरेशन

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल में सोमवार की रात प्रशासनिक डीएस डॉ मुकेश कुमार के संज्ञान लेने के बाद सात घंटों से कराहती प्रसूता महिला का ऑपरेशन हुआ। मिली जानकारी के अनुसार प्रसूता हबीबपुर निवासी विक्रम पासवान की पत्नी नीलम कुमारी 19 को प्रसव के लिए सोमवार की दोपहर करीब दो बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है।कि जब शाम में तक स्वास्थ्य कर्मी गर्भवती को देखने नहीं आयी। इसके बाद दर्द का सुई दे दिया गया। परेशानी बढ़ती देख ऑपरेशन के लिए कहा गया तो पता चला कि डॉक्टर नहीं हैं। इधर मरीज के परिजनों ने रात लगभग दस बजे इसकी शिकायत प्रशासनिक डीएस डॉ मुकेश कुमार से की। सूचना मिलते ही डॉ मुकेश ने अस्पताल पहुंच डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी से बात कर प्रसूता का ऑपरेशन कराया। डॉ मुकेश ने बताया कि सफल ऑपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा सुरक्षित है।

## जेल से बाहर आते ही पंकज मिश्रा का जगह-जगह स्वागत



**साहिबगंज :** झारखंड हाई कोर्ट से अवैध खनन घोटाले मामले में जमानत मिलने पर जेल से बाहर आते ही पंकज मिश्रा का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है।वही झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता पंकज मड़ैया पंकज मिश्रा के आवास में उनसे मिलकर उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया और उनके स्वास्थ्य के बारे में हाल-चाल जाना।वही पंकज मिश्रा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता पंकज मड़ैया को बोरियो विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी धनंजय सोरेन के पक्ष में प्रचार प्रचार करने का निर्देश दिया।

## मुठभेड़ के बाद बिखर गए नक्सली, तीन गिरफ्तार, एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद

मेट्रो रेज

**पलामू:** पलामू और चतरा में हुए मुठभेड़ के बाद प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के कमांडर आपस में बिखर गए बिखरे हुए नक्सली आपस में मिलने एवं संगठन को एकजुट करने की कोशिश कर रहे थे नक्सलियों की इस कदम की जानकारी पलामू पुलिस को मिल गई जिसके बाद पलामू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टीएसपीसी के तीन टॉप कमांडरों को गिरफ्तार किया है इनके पास से एके-47, एके-47 की 72 गोलियां, एक देसी पिस्टल और एक कट्टा बरामद हुआ है

कार्रवाई के दौरान टीएसपीसी के टॉप कमांडर प्रेम गंझू, संतु उर्फ शैलेन्द्र, हेमंत उर्फ श्रवण उरांव को गिरफ्तार किया गया है हेमंत बिहार के रोहतास का रहने वाला है पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के नक्सली पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के कारीमाटी में एकजुट होने वाले हैं इसी सूचना के आलोक में एएसपी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया है इसी सर्च अभियान में पुलिस को सफलता मिली है पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार तीनों नक्सली पलामू चतरा और लातेहार में कई घटनाओं के आरोपी हैं

गिरफ्तार नक्सली चतरा में पोस्ता की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान हमला किया था उस हमले में पुलिस के दो जवान शहीद हुए थे वहीं गिरफ्तार नक्सलियों पर आरोप है कि चतरा में पिता पुत्र की हत्या की थी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली कुछ दिन पहले चतरा और पलामू में हुए मुठभेड़ के बाद बिखर गए थे बिखरे हुए नक्सली टीएसपीसी के टॉप कमांडर आक्रमण गंझू के नेतृत्व में आपस में मिलना चाहते थे पुलिस के सर्च अभियान में एसडीपीओ लेस्लीगंज मनोज कुमार झा, पाखी थाना प्रभारी राजेश रंजन, मानती थाना प्रभारी निर्मल उरांव शामिल थे।



## न्यूज IN ब्रीफ

### धर्म या समुदाय को ठेस पहुंचाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी : थाना प्रभारी



**साहिबगंज :** काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा को लेकर मंगलवार को मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता थाना मदन कुमार ने की। इस दौरान शांति समिति सदस्यों ने सौहार्द पूर्ण काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा मानने में एक दूसरे को सहयोग करने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी कहा कि किसी प्रकार का किसी भी धर्म या समुदाय को ठेस पहुंचाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी प्रकार का अफवाह सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से फैलाने की कोशिश करने वालों व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। बताया कि निर्धारित समय पर विसर्जन शांतिपूर्वक तरीके से करने की सहमति पूजा समितियों ने जताई है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों व हर चौक चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती रहेगी। सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से नजर रखी जायेगी। वहीं पंडालों अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। आदेश नहीं मानने पर लाउडस्पीकर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। वहीं डीजे जब्त कर लिया जाएगा। साउंड हर हाल में 90 डेसिबल से ज्यादा नहीं होगा। शराब पीने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। मौके पर एसआई, एएसआई व शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

### चुनाव के मद्देनजर समान्य प्रेक्षक गौतम सिंह आईएएस का नया परिसदन भवन में आगमन



**साहिबगंज :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया । विधानसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 02 बोरियों अ0ज0जा0 विधानसभा चुनाव2024 के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में गौतम सिंह आईएएस की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### राजमहल एसडीओ कपिल कुमार के समक्ष अपना नामांकन दाखिल




**साहिबगंज:**आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक रणधीर प्रसाद चौरसिया ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में निवार्ची पदाधिकारी सह राजमहल एसडीओ कपिल कुमार के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।वही नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने विकास के मुद्दे पर चुनाव में जाने की बात कही।उन्होंने कहा कि अगर जनता का उन्हें आशीर्वाद मिला और वह विधानसभा जाते हैं।तो दिल्ली और पंजाब मोंडल के तरह राजमहल में शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार,पानी,बिजली जैसे अन्य समस्या का समाधान किया जायेगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सरकार पर किया तीखा हमला, बाबूधन मुर्मू के पक्ष में किया प्रचार



**पाकुड़:** जिला में लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के घाघरजनी फुटबॉल मैदान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा सभा को संबोधित किया लिट्टीपाड़ा के पार्टी प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू के पक्ष में मतदान करने की लोगो से अपील की इस जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सरकार पर राज्य की जनता को धोखा देना का आरोप लगाया बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत शासन काल में परिवार, बिचौलिया, ठेकेदार और भ्रष्ट अफसर फले फूले शेष लोगों की चिंता नहीं की गई

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अब चुनाव के समय मौका है कि लोग इसका बदला हेमंत सरकार से लें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने झारखंड में परिवर्तन का मन बना लिया है और इस बार जनता सबक सिखाकर रहेगी बता दें कि झारखंड 13 और 20 नवंबर को वोट डाले जाऐंगे और इसके नतीजे 23 नवंबर को आऐंगे ।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अलग राज्य का दर्जा दिलाने का मामला हो या आदिवासियों को उनका हक दिलाने का काम, यह सब भारतीय जनता पार्टी ने ही ने किया है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आम लोगों से आगामी 20 नवंबर को लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बाबूधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की।इस जनसभा को भाजपा के लिट्टीपाड़ा प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू, दुर्गा मरांडी के अतिरिक्त कई जिला एवं प्रखंड स्तर के प्रमुख नेताओं ने भी संबोधित किया इन तमाम नेताओं ने एकसुर में भाजपा के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की साथ ही झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील लोगों से की।



## शादी को लेकर क्या हैं राशि खन्ना के प्लान? अभिनेत्री ने खुद दी जानकारी

राशि खन्ना एक मशहूर भारतीय अभिनेत्री हैं, जो ज्यादातर साउथ की फिल्मों में नजर आती हैं। उन्होंने कई शानदार तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों के अलावा हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। इस बीच एबीपी साउथ समिट के दौरान उनसे शादी को लेकर सवाल पूछा गया, जिसका अभिनेत्री ने दिलचस्प जवाब दिया है।

राशि खन्ना की गिनती तेलुगु सिनेमा की शीर्ष अभिनेत्रियों में होती है। अब वह विक्रांत मैसी के साथ अपनी आगामी फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। इस बीच उनसे इवेंट के दौरान मेजबानी कर रहे मशहूर लेखक चेतन भगत ने शादी से जुड़ी उनकी योजनाओं का पूछा। इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि ये उनका निजी मामला है और वह इस पर चर्चा नहीं करना चाहतीं।

### शादी करना चाहती हूं, लेकिन इसके लिए अभी समय है

इस सवाल पर जोर देते हुए जब उनसे एक बार फिर पूछा गया, तो अभिनेत्री ने काफी अच्छे तरीके से इसे टाल दिया। उन्होंने कहा, मैं शादी करना चाहती हूं और बच्चे पैदा भी करना चाहती हूं, लेकिन इसके लिए अभी समय है। यह एक बहुत ही निजी फैसला है, जिसका मेरे पेशे से कोई लेना-देना नहीं है। अभिनेत्री ने साफ कर दिया है कि अभी फिलहाल वह शादी के बजाय करियर पर ध्यान दे रही हैं।

### अरनमई 4 में भी आई थीं नजर

राशि खन्ना काफी लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। इतने लंबे समय से फिल्मी दुनिया में सक्रिय रहने के बाद भी उनका नाम किसी सह-कलाकार के साथ नहीं जुड़ा। अभिनेत्री अक्सर खुद को लाइमलाइट से दूर रखना पसंद करती हैं। इसके अलावा वह कई मौकों पर अपनी निजी जिंदगी को सार्वजनिक न करने को लेकर भी बात कर चुकी हैं। बात करें अभिनेत्री के वर्क फ्रंट की, तो वह द साबरमती रिपोर्ट में नजर आएंगी।

बताते चलें कि द साबरमती रिपोर्ट में, राशि ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई है, जिसने पहले ही काफी दिलचस्पी पैदा कर दी है। फिल्म का निर्देशन धीरज सरना ने किया है। जी स्टूडियोज द्वारा इस फिल्म को रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में राशि खन्ना के साथ विक्रांत मैसी भी पत्रकार की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो गोधरा कांड के बारे में खबरें दिखाते हैं।



## लापता लेडीज के ऑस्कर जीतने की प्रार्थना कर रही हैं प्रतिभा रांटा, स्टेज पर जाने के लिए हैं उत्साहित

किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज ने सिनेमाघरों में भले ही बहुत शानदार प्रदर्शन नहीं किया। मगर, ओटीटी पर रिलीज होने के बाद फिल्म की तारीफों का सिलसिला थम नहीं रहा। यह फिल्म ऑस्कर में भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर भेजी गई। फिल्म के मुख्य किरदारों का जीवन कैसे इन कुप्रथाओं के कारण मुश्किल में पड़ जाता है, इसी विषय के ईद-गिर्द फिल्म की कहानी घूमती है। अब हाल ही में, फिल्म में जया की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्रतिभा रांटा ने फिल्म के ऑस्कर जीतने की अपनी इच्छा जाहिर की है हाल ही में, एक साक्षात्कार में प्रतिभा रांटा ने बताया कि वह घर पर दिवाली कैसे मनाते हैं। अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए दिवाली हमेशा से ही एक आध्यात्मिक अनुभव रहा है, क्योंकि मेरे दादा-दादी आध्यात्मिकता का अभ्यास करते हैं और उन्होंने मुझे चार साल की उम्र में पटाखे न जलाने के बारे में सिखाया गया था। उस दिन से, मैंने तय कर लिया कि अब से मेरी दिवाली उपहारों का आदान-प्रदान करने, सजने-संवरने और शायद अपने दोस्त के घर जाने पूजा करने के बारे में ही रहेगी।

### ऑस्कर जीतने की इच्छा की जाहिर

फिल्म के ऑस्कर जीतने की इच्छा जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने कहा,इस दिवाली, मैं ऑस्कर के लिए थोड़ी ज्यादा प्रार्थना कर रही हूं। पर वो प्रार्थना तो मेरी रोज भी चलती रहती है। हर रात सोने से पहले, मैं भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं। और अब मैंने एक और चीज मांगना शुरू कर दिया है।

### स्टेज पर जाने का अनुभव करना चाहती हैं अभिनेत्री

अभिनेत्री ने आगे बताया कि जब यह खबर आई तो वह मीटिंग में थीं, और उन्हें बधाई संदेशों की बाढ़ आ गई। प्रतिभा ने कहा, एक पल के लिए, मैं सोच में पड़ गई, क्या हुआ है? मुझे सच में इसे समझने में थोड़ा समय लगा। मैं अब उस दिन का इंतजार कर रही हूं जब हम वहां जाएंगे, और हम उस जगह खड़े होंगे। मैं उस पल का अनुभव करना चाहती हूं और हर बार जब मैं इसके बारे में सोचती हूं, तो मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।



## कृति सेनन ने हमेशा अच्छे दिखने के दबाव पर जाहिर की राय

कृति सेनन ने कहा है कि वो बोटोक्स और कॉस्मेटिक सर्जरी कराने वालों को लेकर कोई राय नहीं बनातीं। हालांकि, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वो नहीं चाहती कि युवा लड़कियां हमेशा परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करें। कृति सेनन की नवीनतम फिल्म दो पत्ती आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का अभिनेत्री बीते कुछ समय से जोर-शोर से प्रमोशन कर रही थीं। इस बीच अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू के दौरान बोटोक्स, कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर बात की है। इस दौरान उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में होने के कारण अच्छा दिखने के दबाव को लेकर भी बात की है। अभिनेत्री ने कहा कि वह कॉस्मेटिक बदलाव करवाने वाले लोगों को लेकर कोई राय नहीं बनातीं। हालांकि, वह नहीं चाहती हैं कि युवा लड़कियां हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करें। फिल्मफेयर के साथ एक इंटरव्यू के दौरान, कृति सेनन ने कहा, मैं इसे लेकर बिल्कुल भी कोई राय नहीं बनाती। हर किसी का अपना-अपना तरीका होता है। अगर आप अपने किसी अंग को बदलकर ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करते हैं, तो यह आप पर निर्भर करता है। ये फिर पूरी तरह से आपका फैसला है। आपको उस फैसले के साथ, जो भी होता है उसका सामना करना होगा। यह आपकी ज़िंदगी है, आपका शरीर है, आपका चेहरा है। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं इसके बारे में जजमेंट महसूस नहीं करती, लेकिन हां, मैं समझती हूं कि मैं नहीं चाहती कि युवा लड़कियां हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करें। दो पत्ती अभिनेत्री ने कहा कि वह खूबसूरती से उम्र बढ़ाना चाहती हैं और अपना ख्याल रखना चाहती हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वो फिल्टर जोन से दूर रहना चाहती हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम मानसिक रूप से अपने साथ जो कुछ भी कर रहे हैं, उसका असर आपके चेहरे पर भी दिखता है। इसलिए, आपको अपने हर तरह से स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए। मैं हमेशा ऐसी तस्वीरें नहीं डालना चाहती, जिनमें मैं बिल्कुल परफेक्ट दिखूं। मैं जानबूझकर फिल्टर जोन से दूर जाना चाहती हूं। बात करें कृति की हालिया रिलीज फिल्म दो पत्ती की, तो इस फिल्म में काजोल, कृति सनोन और शहीर शेख मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म कृति की प्रोडक्शन कंपनी की पहली फिल्म है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कृति दोहरी भूमिका में हैं, जबकि काजोल एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जो एक हत्या के प्रयास के मामले को सुलझाने के लिए निकलती है।

## सिंघम अगेन से भूल भुलैया 3 के क्लैश पर माधुरी दीक्षित की दो टूक



भूल भुलैया 3 की रिलीज की उल्टी गिनती जारी है। इस फिल्म का टकराव अजय देवगन अभिनीत फिल्म सिंघम अगेन से हैं। दोनों फिल्मों की रिलीज की तारीख 1 नवंबर तय की गई है। वहीं, अब मंजुलिका उर्फ माधुरी दीक्षित ने अजय देवगन की फिल्म के साथ टकराव पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। माधुरी ने कहा कि यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि कौन सी फिल्म सफल होगी या नहीं, लेकिन मुझे पता है कि हमने एक अच्छी फिल्म बनाई है। भूल भुलैया 3 पर बात करते हुए माधुरी दीक्षित ने कहा, हम सभी ने बहुत कड़ी मेहनत की है। हमने एक बहुत ही मनोरंजक फिल्म बनाने की कोशिश की है, और अभी मेरी उम्मीद बस यही है कि दर्शकों को यह पसंद आएगी। सिंघम अगेन से क्लैश पर चुप्पी तोड़ते हुए अभिनेत्री ने कहा, मूल रूप से यह दर्शकों पर निर्भर है। उन्हें यह तय करना होगा कि उन्हें कौन सा पसंद है और वे किसे देखना चाहेंगे। माधुरी यहीं नहीं रुकीं और अपनी बात में आगे जोड़ा, अंतिम परीक्षा थिएटर में है क्योंकि वहीं सबकुछ होगा जो होता है। इसलिए हम केवल बेहतरीन की आशा कर सकते हैं, और हम केवल यह कह सकते हैं कि हमारे पास एक अच्छी फिल्म है, कृपया आएं और देखें। माधुरी ने अतीत के एक ऐसे ही परिदृश्य को याद किया जब दो फिल्में दिल और बेटा एक ही समय पर रिलीज हुई थीं। उनमें भी भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन की तरह एक बड़ी स्टार कास्ट थी।



## मैं मॉल में जानबूझकर जाता था ताकि लोग पहचान सकें

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह फिल्म इसी फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है। इसमें कार्तिक के अलावा तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित नजर आएंगी। अब हाल ही में, अभिनेता ने बताया है कि वह काम करके थक गए हैं। कार्तिक ने कहा कि वह एक ऐसी दौड़ में हैं, जिसकी कोई फिनिश लाइन नहीं है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने और क्या कहा है। अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात की है, कि कैसे वह काम के लिए काफी फोकस्ड हैं और वह इससे थोड़े थक चुके हैं। इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए , कार्तिक ने बताया कि कैसे वह कभी पीछे मुड़कर नहीं देख पाते क्योंकि उनका मानना है कि वह ऐसी दौड़ में हैं, जिसका कोई अंत नहीं है।

### इस फिल्म ने अभिनेता को किया री-लॉन्च

कार्तिक ने कहा कि जब उनके पास काम नहीं था, तो वह केवल अपनी पहली फिल्म पाने के बारे में सोचते थे, लेकिन उस पल का आनंद नहीं ले पाए। उन्होंने 2011 में आई अपनी फिल्म प्यार का पंचनामा से अपनी शुरुआत की। उन्होंने कहा, मैंने बस इसे करने का फैसला किया, फिल्म रिलीज हुई, फिर दूसरी फिल्म नहीं चली और फिर सोनू के टीटू की स्वीटी ने मेरे करियर को फिर से पंख दिए, लगभग री-लॉन्च की तरह।

### काम करते-करते थक गए हैं अभिनेता

अभिनेता ने आगे कहा, सफलता, असफलता, सब कुछ होता रहा। यहां तक कि आज तक, मुझे आराम करने और सोचने का मौका नहीं मिला है कि मैं इतनी दूर आ गया हूं... मुझे बैठकर पीछे मुड़कर देखने का मौका नहीं मिला है, क्योंकि मैं ऐसी दौड़ में हूं, जिसकी कोई फिनिश लाइन नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें तब बहुत मजा आया जब पहली बार किसी ने उनसे सेल्फी के लिए पूछा और उन्हें पहचान लिया। उन्होंने यह भी कहा कि वह मॉल में जानबूझकर चलते थे ताकि लोग उन्हें पहचान सकें। कार्तिक ने यह भी कहा कि यह भी मेरे लिए काम है, यह बिल्कुल भी दिखावा नहीं है।

### वर्कहॉलिक हैं कार्तिक आर्यन

इंटरव्यू में आगे जब कार्तिक से पूछा गया कि उन्होंने अपने पहले ब्रेक का आनंद क्यों नहीं लिया, तो अभिनेता ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं खुद को वह समय दे पा रहा हूं, क्योंकि मैं हमेशा काम के बारे में सोचता रहता हूं, आगे का रास्ता, मैंने क्या नहीं किया, क्या गलत हुआ, क्या सही है। मैं लंबे समय से उस स्थिति में हूं। मुझे लगता है कि मुझे अपने लिए भी समय चाहिए, मैं इससे थोड़ा थक गया हूं। बस लगातार काम करते रहने से। लेकिन बात यह है कि मैं काम के अलावा और कुछ नहीं जानता। मैंने कोशिश की है, लेकिन यह मेरे लिए काम नहीं करता। मैं एक वर्कहॉलिक हूं।

## इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए शिमरोन हेटमायर वेस्टइंडीज टीम में शामिल

**एंटीगुआ :** शिमरोन हेटमायर को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की वनडे टीम में वापस बुलाया गया है, जो गुरुवार को एंटीगुआ में शुरू होगी। हेटमायर को एलिक अथानाजे की जगह टीम में शामिल किया गया है, जो श्रीलंका दौरे से वापस लौटे समूह से एकमात्र बदलाव है। हेटमायर ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में वनडे खेला था, जब वह इंग्लैंड को 2-1 से हराने वाली टीम का हिस्सा थे। वह व्यक्तिगत कारणों से श्रीलंका दौरे से चूक गए थे, हाल ही में सीपीएल में रन बनाने वालों की सूची में वे पांचवें स्थान पर रहे थे। अथानाजे मौजूदा सलामी बल्लेबाजों में से एक थे, लेकिन पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए एविन लुईस से अपनी जगह खो दी। लुईस ने तीन साल से अधिक समय में अपना पहला वनडे मैच खेला, उन्होंने 61 गेंदों





पर नाबाद 102 रन बनाए, जिससे वेस्टइंडीज ने श्रीलंका पर सांत्वना जीत के साथ श्रृंखला समाप्त की। शाई होप इस समूह की कप्तानी करेंगे, जिसमें 17 वर्षीय बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू भी शामिल हैं, जिन्होंने श्रीलंका श्रृंखला के अंत में अपनी शुरूआत की थी। इंग्लैंड 2022 के बाद से अपने तीसरे सीमित ओवरों के दौरे के लिए पहले ही कैरिबियन पहुंच चुका है। वनडे चरण के दौरान उनकी अगुआई लियाम लिविंगस्टोन करेंगे, जबकि जोस बटलर कॉल्फ की चोट के बाद अपना पुनर्वास जारी रखेंगे, जिसके कारण वे जुलाई से बाहर हैं। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा, ₹इंग्लैंड के खिलाफ खेलना हमेशा एक नई चुनौती प्रदान करता है और एक प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाता है, जिसका खिलाड़ी और कैरिबियन के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हम हमेशा इंग्लैंड का सामना करते समय अपने खेल को बेहतर बनाने का तरीका ढूंढ लेते हैं। यह प्रतिद्वंद्विता दशकों पुरानी है, और पिछले साल घर पर उन्हें लंबे समय के बाद पहली बार वनडे सीरीज में हराने के बाद, हम फिर से एक मजबूत इंग्लैंड टीम की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। घर पर खेलना हमेशा खास होता है, जहां स्थानीय समर्थन हर मैच में ऊर्जा और जुनून लाता है। हमारी निगाहें 2027 में आईसीसी पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी हुई हैं, हमने एक संतुलित टीम का चयन किया है जो निस्संदेह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। एंटीगुआ का सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम पहले दो वनडे मैचों की मेजबानी करेगा, सीरीज का तीसरा मैच बारबाडोस में खेला जाएगा। इसके बाद पांच टी20 मैच खेले जाएंगे, जो केंसिंग्टन ओवल और सेंट लूसिया के डेरेन सैमी नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**वेस्टइंडीज की वनडे टीम इस प्रकार है-:**

शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, हेडन वॉल्श जूनियर।

## पेरिस मास्टर्स 2024 से हटे शीर्ष रैंकिंग वाले जननिक सिनर

एजेंसी

**पेरिस :** शीर्ष वरीयता प्राप्त जननिक सिनर ने वायरस का हवाला देते हुए पेरिस मास्टर्स से अपना नाम वापस ले लिया है। इतालवी खिलाड़ी सिनर ने मंगलवार को आयोजकों द्वारा भेजे गए संदेश में कहा कि वह इस सप्ताह खेलने में सक्षम नहीं है। सिनर ने कहा, ₹मैं यहाँ बहुत जल्दी तैयारी करने के लिए आया था, फिर मैं बीमार पड़ गया, मुझे इस समय एक वायरस है, जो अगले दो-तीन दिनों में ठीक हो जाएगा, इसलिए शारीरिक रूप से मैं प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हूँ। सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के बाद सिनर वर्ष के अंतिम मास्टर्स 1000 इवेंट से बाहर होने वाले दूसरे हाई-प्रोफाइल



खिलाड़ी हैं। सिनर ने इस महीने की शुरूआत में शंघाई मास्टर्स के फाइनल में जोकोविच को सीधे सेटों में शिकस्त दी झी, जिससे इतालवी खिलाड़ी ने सीजन का अपना सातवाँ खिताब जीता। सिनर एक सीजन में छह से अधिक खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने, इससे पहले एंडी मरे ने 2016 में नौ खिताब जीते थे।

# बिहार सशस्त्र पुलिस के जवानों को लेकर जा रही बस पलटी, 29 जवान घायल

एजेंसी

**बलिया।** जनपद में बिहार स्पेशल आर्म्स पुलिस के 18वीं बटालियन की ई-कंपनी के जवानों को लेकर जा रही एक बस मंगलवार रात्रि बैरिया थाना के चांद दियर के पास हादसे का शिकार हो गई। बस पलटने से उसमें सवार 29 जवान घायल हो गए। सभी को स्थानीय पुलिस की मदद से पहले सोनबरसा सीएचसी और फिर दस जवानों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। एसपी विक्रांत वीर ने भी घायल जवानों का हालचाल लिया है।



पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि बिहार पुलिस के सशस्त्र बलों के जवान शांति व्यवस्था ड्यूटी दीपावली व छठ के लिए डेहरी आन सोन रोहतास से प्राइवेट बस से सिवान के लिए जा रहे थे। जवान दो बसों और एक ट्रक में सवार थे। मंगलवार की रात करीब साढ़े बारह बजे बैरिया क्षेत्रान्तर्गत चांद दियर पेट्रोल पंप के पास एक बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 29 जवान घायल हो गए। दस जवानों को उपचार के लिए सदर अस्पताल बलिया रेफर कर दिया गया। बाकी 19 जवानों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा बैरिया में चल रहा है। सभी जवानों की स्थिति सामान्य बतायी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल में उपचाराधीन जवानों तथा संबंधित डॉक्टर से जिला अस्पताल में मौके पर जाकर भी बात की है। घायल जवानों के मदद के लिए जिला पुलिस को भी लगा दिया गया है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के एक दिन पूर्व आयोजित समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने एकता की शपथ




**नई दिल्ली।** सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के एक दिन पूर्व बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने निर्माण भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस के एक दिन पूर्व आयोजित समारोह में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। इस मौके पर राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, सचिव स्वास्थ्य पुण्य सलिला श्रीवास्तव, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती, देश में एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है।

## सलमान खान को 2 करोड़ की रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी

एजेंसी

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर 2 करोड़ रुपये रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में यह धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को मुंबई पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल सेल को यह धमकी भरा मैसेज मिला। जिसमें 2 करोड़ की मांग की गई है। पैसे नहीं देने पर सलमान खान को जान से मारने की बात कही गई है। वर्ली पुलिस स्टेशन में इसे लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 354 (2), 308 (4) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सलमान खान को पहले भी कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। कुछ महीने पहले सलमान खान



के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हवाई फायरिंग की गई थी। शुक्रवार को राकांपा विधायक जीशान सिद्दीकी के साथ सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली थी, इस मामले में मुंबई पुलिस उत्तर प्रदेश के नोएडा से एक शख्स को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को फिर से सलमान खान को मिली धमकी के बाद पुलिस अज्ञात शख्स के विरुद्ध मामला दर्ज कर कॉल ट्रेसिंग करना शुरू कर दी है।

## केंद्र की शर्तें दरकिनार कर अपनी शर्तों पर लोगों को आवास योजना का घर देगी ममता सरकार, विवाद बढ़ा

एजेंसी

**कोलकाता ।** राज्य सरकार ने आवास योजना के तहत घरों के आवंटन में केंद्र की शर्तों को मानने से इनकार कर दिया है। इसे 'मानवीय दृष्टिकोण' के आधार पर लागू करने का निर्णय लिया है। इस पर विवाद खड़ा हो गया है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को किसी भी तरह से केंद्र के पैसे को गबन करने का बहाना चाहिए, उसका उपाय ढूंढती रहती हैं।

दरअसल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को नवान्न में एक उच्च स्तरीय बैठक में मंत्रियों को यह निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र द्वारा थोपे गए नियमों के बजाय राज्य सरकार अपने मानवीय दृष्टिकोण से घर आवंटित करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की शर्तों के तहत अवास योजना के



आवास आवंटित नहीं किए जाएंगे। यह निर्णय तब आया है जब लंबे समय से राज्य और केंद्र के बीच आवास योजना को लेकर विवाद चल रहा है। केंद्र ने राज्य पर योजना के क्रियान्वयन में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए इस योजना के तहत मिलने वाले धन को रोक दिया था, जिससे लाखों लोगों का अधिकार रुक गया है। राज्य सरकार द्वारा दिल्ली में बार-बार मांग उठाए जाने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला, जिसके बाद राज्य सरकार ने खुद से इस योजना के तहत धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। इस बीच, विपक्षी दल के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि आवास योजना की सूची में अनगिनत गलतियां हैं। उनका कहना है कि भारत सरकार द्वारा भेजी गई 17 टीमों ने पाया कि योग्य लोगों को घर नहीं मिले जबकि अयोग्य लोगों को आवास आवंटित कर दिया गया।

हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। पार्टी के पूर्व सांसद कुणाल घोष ने कहा, यदि कुछ भ्रम हैं, तो वे दूर हो जाएंगे, लेकिन विपक्षी दल केवल इस योजना को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्र ने पैसे देने का वादा किया था, लेकिन नहीं दिया। अब ममता बनर्जी राज्य के पैसे से यह योजना चला रही हैं, जिससे बाधा उत्पन्न की जा रही है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि सिर्फ आवास योजना ही नहीं, बल्कि फसल बीमा योजना के मामले में भी राज्य सरकार मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखेगी। उन्होंने कहा कि बिना किसी शर्त के जिन किसानों को नुकसान हुआ है, उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

नवान्न सूत्रों के मुताबिक, चक्रवात 'दाना' से राज्य के किसानों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए दिवाली के बाद राज्य के दो मंत्री जिलों का दौरा करेंगे।

## दीपावली के मौके पर कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के जिलों में मौसम साफ, बारिश की संभावना नहीं

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में दीपावली के दिन मौसम सामान्य रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। बुधवार को मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की संभावना है।

पिछले 24 घंटों में, कोलकाता में अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक था। सुबह के समय हवा में नमी का स्तर 94 फीसदी तक पहुंच गया, जबकि दिन में यह घटकर 61 फीसदी



तक आ गया। पिछले 24 घंटों के दौरान कोलकाता में बारिश नहीं हुई, जिससे दीपावली के दौरान कोई भी बाधा नहीं आने की उम्मीद है।

### अन्य जिलों की स्थिति

राज्य के अन्य जिलों में भी मौसम लगभग इसी प्रकार का रहेगा। हावड़ा, हुगली और उत्तर 24 परगना में भी आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मेदिनीपुर में भी मौसम साफ रहेगा, और तापमान में मामूली बदलाव देखने को मिल सकता है।

### उत्तर बंगाल की स्थिति

दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी में तापमान अपेक्षाकृत ठंडा रहेगा, लेकिन आसमान साफ रहेगा। बारिश की संभावना नहीं है, जिससे दीपावली की रात यहां भी शांतिपूर्ण रहेगी।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई, और अगले 24 घंटों में भी बारिश की संभावना बहुत कम है। मौसम विभाग ने बताया कि दीपावली की रात आतिशबाजी के दौरान बारिश की कोई बाधा नहीं आएगी, जिससे लोग त्योहार को धूमधाम से मना सकेंगे।

हालांकि, कोलकाता और आसपास के इलाकों में सुबह के समय हवा में नमी का स्तर 94 फीसदी तक पहुंच सकता है, जिससे हल्की उमस महसूस हो सकती है। लेकिन दिन में हवा में नमी का स्तर घटकर 61 फीसदी तक आ जाएगा, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

इस साल दीपावली के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम सामान्य रहेगा, जिससे त्योहार का आनंद और भी बढ़ जाएगा।

## अमेरिकी हास्य अभिनेत्री टेरी गार का 79 वर्ष की आयु में निधन

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की लोकप्रिय हास्य अभिनेत्री टेरी गार का यहां मंगलवार को 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने अपने घर पर आखिरी सांस ली। फिल्म टुत्सी में अपनी दमदार भूमिका के लिए ऑस्कर के लिए नामित टेरी गार को ऑफबीट भूमिकाओं के लिए याद किया जाता है।



अमेरिकी समाचार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, सत्तर और अस्सी के दशक में उन्होंने सबसे ज्यादा शोहरत हासिल की। वह 'सैटरडे नाइट लाइव' की तीन बार होस्ट रहीं। उनके प्रवक्ता हेइडी शेफर ने कहा कि वह लंबे समय से मल्टीपल स्केलेरोसिस की जटिलताओं से जूझ रही थीं। उनकी यादगार फिल्में हैं-यंग फ्रेंकस्टीन (1974), मॉम (1983) और आफ्टर आवर्स(1985)। उनका जन्म 11 दिसंबर, 1944 को लॉस एंजिल्स में हुआ था। 11 वर्ष की उम्र में उनके पिता की मृत्यु हो गई। परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए टेरी ने हाई स्कूल करने के बाद ₹वेस्ट साइड स्टोरी₹ के लॉस एंजिल्स स्टेज प्रोडक्शन में पेशेवर नृत्य की शुरूआत की। मां के आग्रह पर उन्होंने कुछ समय के लिए कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की। जब उन्हें टेलीविजन विज्ञापनों से अच्छी खासी कमाई होने लगी तो उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी।

# शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार में बिकवाली का दबाव, उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी फिसले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद से ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। इस उतार-चढ़ाव के बीच बिकवालों का पलड़ा लगातार भारी बना रहा। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के



दिग्गज शेयरों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अडाणी एंटरप्राइजेज, मारुति सुजुकी, कोल इंडिया और विप्रो के शेयर 2.71 प्रतिशत से लेकर 1.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर सिप्ला, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, सन फार्मास्युटिकल्स, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर 3.70 प्रतिशत से लेकर 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,349 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,893 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 456 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 17 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 131.18 अंक की कमजोरी के साथ 80,237.85 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचना की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 80,284.81 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 79,981.96 अंक तक गोता भी लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 220.18 अंक की गिरावट के साथ 80,148.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 95.40 अंक लुढ़क कर 24,371.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 24,436.45 अंक तक पहुंचा। इसी तरह बिकवाली का दबाव बनने पर ये 24,337.60 अंक तक लुढ़क भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 44.75 अंक की कमजोरी के साथ 24,422.10 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 363.99 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,369.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 127.70 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,466.85 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### टाटा एआईजी ने महिलाओं, मानसिक स्वास्थ्य और कैंसर देखभाल पर ध्यान केंद्रित करते हुए राइडर्स लॉन्च किए

**रांची/मेट्रो रेज :** भारत में एक प्रमुख सामान्य बीमा प्रदाता, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने आज 60 से अधिक लाभ प्रदान करने वाले पांच नए राइडर्स के लॉन्च की घोषणा की, जिसका उद्देश्य अपने खुदरा स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की लचीलापन और व्यापकता को बढ़ाना है। चूंकि चिकित्सा लागत में वृद्धि जारी है और स्वास्थ्य सेवा की जरूरतें विकसित हो रही हैं, इसलिए इन राइडर्स को अनुकूलित सुरक्षा प्रदान करने, उभरती हुई स्वास्थ्य चिंताओं और जीवनशैली में बदलावों को संबोधित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह लॉन्च अपने ग्राहकों के लिए अभिनव और प्रासंगिक समाधान प्रदान करके स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाने के लिए टाटा एआईजी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।नए राइडर्स- मेंटल वेलबीइंग, एम्पावरहर, ओपीडी केयर, कैनकेयर और फ्लेक्सी शील्ड- मानसिक स्वास्थ्य, महिला स्वास्थ्य और कैंसर कवरेज जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं। एम्पावरहर राइडर महिलाओं के व्यापक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, जैसे बांझपन, पीसीओएस और अन्य स्त्री रोग संबंधी चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करता है, जबकि मेंटल वेलबीइंग उद्योग में पहली बार मानसिक स्वास्थ्य निवारक जांच और पुनर्वास कवरेज पेश करता है। कैनकेयर बेहतर कैंसर सुरक्षा प्रदान करता है, ओपीडी केयर और फ्लेक्सी शील्ड सुनिश्चित करता है कि ग्राहक बढ़ती चिकित्सा लागतों और रोजमर्रा के स्वास्थ्य खर्चों से सुरक्षित रहें।

**दावा प्रक्रिया में सुधारः** टाटा एआईजी ने अपने दावों के निपटान की प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, जो ग्राहकों का भरोसा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। कंपनी का कैशलेस दावों का उपयोग वित्त वर्ष 2022-23 में 67.7% से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 76.95% हो गया है, जिसमें 96% कैशलेस दावों को चार घंटे के भीतर संसाधित किया गया और 85% प्रतिपूर्ति दावों का निपटान पांच दिनों के भीतर किया गया।

### आईडीबीआई बैंक लिमिटेड -30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए वित्तीय परिणाम

**रांची :** आज आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपने तिमाही नतीजों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 39% की साल दर साल मजबूत वृद्धि के साथ □1,868 करोड़ रहा। परिचालन लाभ 45% की साल दर साल वृद्धि करते हुए □ 3,006 करोड़ हो गया। एनआईएम 4.87% दर्ज किया गया, और शुद्ध ब्याज आय 26% की साल दर साल वृद्धि के साथ □ 3,875 करोड़ रही। जमा की लागत Q2-2025 के लिए 4.66% रही, जबकि Q2-2024 के लिए यह 4.22% थी। सीआरएआर साल दर साल 72 बीपीएस सुधरकर 21.98% रहा। परिसंपत्तियों पर रिटर्न (ROA) 38 बीपीएस की साल दर साल वृद्धि करते हुए 1.97% रहा और इक्विटी पर रिटर्न (फ्ङए) 130 बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 20.35% रहा। शुद्ध ब्याज आय द2-2025 में 26% बढ़कर □ 3,875 करोड़ हो गई, जबकि Q2-2024 में यह □ 3,066 करोड़ थी। Q2-2025 में नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) में 54 बीपीएस सुधार हुआ, जो बढ़कर 4.87% हो गया, जबकि Q2-2024 में यह 4.33% था। नेट एनपीए अनुपात 30 सितंबर, 2023 को 0.39% के मुकाबले 30 सितंबर, 2024 को सुधरकर 0.20% हो गया। पीसीआर साल दर साल 32 बीपीएस के सुधार के साथ 99.42% रहा।

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसा, 2 लोगों की मौत, 4 घायल

**जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन के मगरकोट इलाके के पास बुधवार को एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कार श्रीनगर जा रही थी और उसमें सवार सभी लोग महाराष्ट्र के रहने वाले थे। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को बनिहाल के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान नेहा (35), अमन (36), मनीषा (40) और मेघना (35) के रूप में हुई है। मृतकों की पहचान अभी नहीं हुई है।

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में और दो हाथियों की मौत, आंकड़ा बढ़कर छह हुआ

**उमरिया।** बांधवगढ़ में जंगली हाथियों की मौत का लगातार आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार की रात इलाज के दौरान 2 और जंगली हाथियों की मौत हो गई, अब तक 6 हाथियों की मौत हो चुकी है, 4 का इलाज अभी भी जारी है। कुल 13 हाथियों का झुंड क्षेत्र में सक्रिय रहा है जिसमे 6 की मौत हो चुकी और 4 अभी भी गम्भीर है वहीं बाकी 3 हाथियों पर पार्क की टीम लगातार नजर रखी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के वन मंत्री राम निवास रावत ने अपने ट्विटर हैंडल पर हाथियों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद एसआईटी तत्काल ही बांधवगढ़ पहुंच कर घटना की जांच करेगी।

### कानपुरः पुलिस मुठभेड़ में सगे भाई गोली लगने से घायल

**कानपुर।** फजलगंज थाना क्षेत्र में दादानगर ढाल से रेलवे कंटेनर के पास बुधवार भोर के समय मोटरसाइकिल सवार दो लुटेरों से



पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दोनों पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायल अपराधियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। गोली से घायल दोनों अपराधी सगे भाई हैं। अपर पुलिस उपायुक्त मध्य महेश कुमार ने बताया कि 23 अक्टूबर को फजलगंज थाना क्षेत्र में हुई एक लूट की वारदात की जांच के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज से लुटेरों की पहचान की। पुलिस पहचान के आधार पर उनकी तलाश कर रही थी। बुधवार भोर में फजलगंज थाने की पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में लगी थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों लुटेरे एक मोटरसाइकिल से दादानगर ढाल से रेलवे कंटेनर की ओर जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने लुटेरों का पीछा किया तो लुटेरों ने पुलिस टीम को देखते ही गोली चलाने लगे। पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई। फायरिंग के दौरान दोनों अपराधी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस टीम ने तत्काल दोनों को हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। एसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों सगे भाई गुलफाम और सुल्तान निकले। दोनों के खिलाफ फजलगंज समेत अन्य थानों में इससे पूर्व भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। हालांकि अब तक कितने आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं इसकी जानकारी जुटाई जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंटेक वेल का मोटर खराब, चिरकुंडा में जलापूर्ति ठप

**धनबाद :** चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना का मैथन डैम स्थित इंटक वेल का मोटर खराब हो जाने के कारण चिरकुंडा क्षेत्र में मंगलवार की सुबह से पेयजलापूर्ति ठप रही। इसके चलते लोगों को दिवाली के मौके पर पानी के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ी। लोगों ने बताया कि इंटेक वेल में तीन मोटर हैं, जिनमें एक पहले से ही खराब पड़ा हुआ है। यदि विभाग ने पहले से खराब मोटर की मरम्मत कराया होता, तो लोगों को पर्व जलसंकट का सामना नहीं करना पड़ता। नगर परिषद क्षेत्र में जलापूर्ति की जिम्मेदारी विभाग की है। नगर परिषद के कनिय अभियंता मनोज कुमार साव ने बताया खराब मोटर की मरम्मत का काम जारी है। मोटर ठीक होने के बाद फिल्टर प्लांट में पानी भेजने का काम प्रारंभ हो जाएगा। उन्होने कहा कि बुधवार सुबह से जलापूर्ति सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी।

### केवी मेघाहातुबुरु के विद्यार्थियों ने सीखा चुनाव कराने का तरीका

**किरीबुरु :** केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु की 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक उद्देश्य के लिए प्राचार्य डा आशीष कुमार के नेतृत्व में चुनाव संबंधित कार्यों का बेहतर मॉक ड्रिल कराया गया। प्राचार्य डा आशीष कुमार ने बताया कि चुनाव संबंधित शिक्षा बच्चों का पाठ्यक्रम का हिस्सा भी है। इसके तहत बच्चों को चुनाव कैसे कराया जाता है, उसे मॉक और एक्ट कर बताया गया। इस दौरान बच्चों ने जाना कि पोलिंग-एक, दो और तीन पदाधिकारी, पोलिंग एजेंट आदि का क्या कार्य होता है।

विद्यार्थियों को बताया गया कि मतदान कैसे होता है, ईवीएम व वीवीपैट की क्या भूमिका होती है। इससे बच्चों को तमाम प्रकार की जानकारियां प्राप्त हुई हैं। उल्लेखनीय है कि 13 नवम्बर को झारखंड में विधानसभा चुनाव भी होने वाला है। चुनाव आयोग, जिला पुलिस-प्रशासन व अन्य संस्थाएं सभी को अधिक से अधिक निष्पक्ष होकर मतदान करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। ऐसे में बच्चों का चुनाव से संबंधित मॉक ड्रिल से मतदाताओं को जागरुक करने में मदद मिलेगी।

### कार के धक्के से स्कूटी सवार महिला गंभीर रूप से घायल

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर टोल ब्रिज के समीप बुधवार की सुबह करीब 10 बजे तेज रफ्तार कार के धक्के से एक स्कूटी सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। महिला कदमा भाटिया बस्ती की रहने वाली है। घटना के बाद कार सवार चालक मौके से फरार हो गया है। मौके पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस ने घायल महिला को एम्बुलेंस से एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। घायल महिला गम्हरिया के जीएस इंटरप्राइजेज कंपनी में काम करती है। वहीं सुबह 10 बजे दो घंटे की छुट्टी लेकर अपने बेटे को हॉस्टल से घर लाने के लिए सुंदरनगर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मार दी।

### आदित्यपुर में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव के लिए निकाला गया फ्लैग मार्च

**सरायकेला :** विधानसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण ढंग से निष्पादित कराने हेतु आदित्यपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। जो आकाशवाणी चौक, शेरे पंजाब चौक, इमली चौक, एस टाइप चौक, श्रीनाथ ग्लोबल विलेज, मुस्लिम बस्ती, आदित्यपुर बाजार होते हुए थाना में आकर संपन्?न हुई। फ्लैग मार्च में जिला पुलिस एवं सीआरपीएफ बल के जवान शामिल रहे।

### थम नहीं रहा जंगली हाथियों का उत्पात, दुकान क्षतिग्रस्त कर खाया अनाज



**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की रात दो जंगली हाथी गांगुडीह डैम कॉलोनी पहुंचा। वहां जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने घर में बंधे बछड़े को मार दिया। बताया जा रहा है कि रवि पंडित के घर में बछड़ा बंधा हुआ था। रात को जंगली हाथी कॉलोनी पहुंचे और बछड़े को कुचल दिया। इसके साथ ही जंगली हाथी ने गब्बर सेठ की दुकान को क्षतिग्रस्त कर अंदर रखे चावल को अपना आहार बनाया। वहीं गोपाल दास के होटल को भी हाथी ने नुकसान पहुंचाया। जंगली हाथी ने उपेंद्र गिरि के अलावा कई लोगों के घर के बाहर लगी सब्जी की फसल को भी नुकसान पहुंचाया। इसके पूर्व सोमवार की रात को दोनों जंगली हाथी गांगुडीह पुनर्वास कॉलोनी पहुंचे थे। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथियों का झुंड रसुनिया के पास पहाड़ में अपना डेरा डाले है। डैम के किनारे डेरा जमाए हाथी शाम ढलते ही आहार की तलाश में आबादी वाले क्षेत्रों में निकलते हैं। भोजन और पानी का प्रबंध रहने के कारण हाथियों का झुंड इस क्षेत्र को छोड़ना नहीं चाह रहे हैं। जंगली हाथियों की समस्या का समाधान करने को लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार आंदोलन किया, लेकिन विकराल रूप धारण करती इस समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका है। कॉलोनी में जंगली हाथी के पहुंचने के बाद लोग दहशत में हैं और वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं।

### बीजेपी के मीडिया सेंटर का उद्घाटन

**रांची :** रांची स्थित मोहन कॉम्प्लेक्स में विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के मीडिया सेंटर का उद्घाटन हुआ। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक सहित प्रदेश प्रवक्ता उपस्थित रहे।

### जुआ अड्डा पर विवाद के बाद गोलीबारी,एक युवक घायल

**रांची :** जुआ अड्डा पर विवाद के बाद गोलीबारी की घटना हुई है। इस गोलीबारी में एक युवक घायल हो गया है। यह घटना मंगलवार की देर रात एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लोधमा में हुई है। घायल युवक को रिम्स में भर्ती कराया गया। वहीं गोली मारने वाले युवक को भी लोगों ने जमकर पीटा है, जिससे आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**क्या है मामला :** जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लोधमा बस्ती में बड़े पैमाने पर कई दिनों से जुआ चल रहा था। रात करीब ढाई बजे खरसीदाग इलाके के कुटियातु के एक युवक और लोधमा बस्ती के युवक में जुआ को लेकर विवाद हुआ।

# मिट्टी से बने डिजाइनर सामानों से सजा देवघर बाजार ग्राहकों का मेड इन इंडिया पर खास फोकस

**मेट्रो रेज**

**देवघरः** दीपावली को लेकर पूरे झारखंड के साथ-साथ देवघर का बाजार भी पूरी तरह से सज गया है। देवघर के विभिन्न चौक चौराहों पर मिट्टी के दीए अलग-अलग झालर लाइट, मोमबत्ती सहित विभिन्न सामनों की लोग खरीदारी करते दिख रहे हैं। खासकर दीपावली में मिट्टी के दीए का विशेष महत्व माना जाता है। इसीलिए बाजारों में इस वर्ष कई डिजाइनों के मिट्टी के दीए बाजार में उपलब्ध है।

मिट्टी से बने डिजाइनर सामानों से सजा बाजार

देवघर के बरमसिया चौक में कुम्हार समाज के द्वारा दुकान सजाकर सड़क किनारे विभिन्न डिजाइनों के दीए बेच रहे हैं। मिट्टी के दीए बेचने वाली दुकानदार खुशबू कुमारी ने कहा कि अब लोग साधारण तरीके के दिए पसंद नहीं करते हैं। इसीलिए अब कुम्हार समाज के लोगों को भी डिजाइनर दीए और मिट्टी के खिलौने बनाने पड़ते हैं, ताकि ग्राहकों को पसंद आ सके। डिजाइनर मिट्टी के समान बनाने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। दुकानदार बताते हैं कि आजकल चाइनीज बल्ब और इलेक्ट्रिक सामान को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसकी वजह से मिट्टी के दीए की बिक्री कम हो गई है। इसीलिए ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मिट्टी के सामान को भी डिजाइनदार बनाना पड़ता है ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक मिट्टी से बने सामान की ओर आकर्षित हो सके। वहीं, कुम्हार समाज के लोगों ने कहा कि सरकार यदि चाहेगी तो चाइनीज सामान पर रोक लगा सकती है ताकि दीपावली में मिट्टी के सामान की बिक्री में बढ़ोतरी हो सके।



**मेड इन इंडिया चीजों पर ग्राहक का फोकस रू** वहीं, मिट्टी से बने सामान खरीदने पहुंचे ग्राहकों ने कहा कि मेड इन इंडिया की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी करते हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेड इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए जो अपील करते हैं, उसके तहत हमें अपने समाज में रह रहे कुम्हारों के द्वारा बनाए गए मिट्टी से बने सामान खरीदनी ही चाहिए। सामानों के रेट को लेकर ग्राहकों ने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस साल रेट में कुछ ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई है। मिट्टी के दीए को उपयोग करने से प्रदूषण भी न के बराबर होता है। इसीलिए वे लोग मिट्टी के दीए खरीदने के लिए बाजार में पहुंच रहे हैं और लोगों से भी अपील कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा मिट्टी के दीपक का ही उपयोग करें। गौरतलब है कि 31 अक्टूबर को पूरे देश में दीपावली मनाई जाएगी। उससे पहले देवघर के बाजार में पूरी रौनक देखने को मिल रही है। धनतेरस के मौके पर सोने-चांदी के साथ झाड़ू और बर्तनों की भी खूब बिक्री हुई।

### मधुसूदन पब्लिक स्कूल में हाफयरली व पेरिओडिक टेस्ट-2 का परिणामफल हुआ घोषित

## छात्रों ने अपने बेहतर परिणाम से विद्यालय को किया गौरवान्वित



**ज्योति पाठक**

**शिक्षा,** अनुशासन एवं बेहतर परीक्षा परिणामफल से विद्यालय को चक्रधरपुर के साथ-साथ पश्चिम सिंहभूम जिला एवं झारखण्ड में अपनी बेहतर पहचान रखने वाला मधुसूदन पब्लिक स्कूल 10$2 में आज हाफयरली एवं पेरिओडिक टेस्ट-2 का परीक्षा परिणामफल घोषित हुआ और विद्यालय के कक्षा 1 से 8 एवं कक्षा 9 से 12वीं तक के बच्चों ने अपने मेधावीपन का परिचय दिया और काफी बेहतर परिणाम लाने में भी सफल रहें। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमेन श्यामसुन्दर महतो ने सभी बच्चों को उनके सफलता के लिए बधाई दिया तथा और भी बेहतर करने की उन्हें सलाह और शुभकामना दी। वहीं विद्यालय के प्राचार्य के. एन. नागराजु ने भी विद्यालय के छात्रों के द्वारा बेहतर परीक्षाफल परिणाम लाने पर उन्हें शुभकामना दी और कहा कि आने वाले वार्षिक परीक्षा में और लगन तथा मेहनत के साथ पढ़ाई कर और भी बेहतर परीणामफल लाकर अपने दक्षता और क्षमता का प्रदर्शन करें। जिससे कि विद्यालय के शिक्षकगण और विद्याल परिवार काफी हर्षित और गौरवान्वित महसूस करे। विदित हो कि मधुसूदन पब्लिक स्कूल अपने बेहतर पढ़ाई के लिए काफी प्रख्यात है और इस विद्यालय के छात्रों ने अपने बेहतर परीक्षाफल परिणाम से विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### कसमार में कुएं में डूबकर युवक की मौत

**बोकारो :** कसमार थाना क्षेत्र के तेलमुंगा गांव में मंगलवार की दोपहर कुआं में डूबकर एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान तेलमुंगा गांव के तिलयगजार निवासी दिलीप गोसाई के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस यूडी केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। परिजनों का बयान भी दर्ज किया है। बताया जाता है कि तिलयगजार निवासी दिलीप गोसाई दोपहर में नहाने की बात कहकर घर से निकला था। काफी देर तक जब वह घर नही लौटा, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। घर के सामने कुएं में तैरता उसका शव दिखा। कुएं में बेटे का शव देख मां ने शोर मचाते हुए आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से निकाला गया और पुलिस को भी सूचना दी गई। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिप सदस्य अमरदीप महाराज व मुखिया प्रतिनिधि धनलाल कपरदार ने घटनास्थल पर पहुंकर परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्हें सरकार की तरफ मुआवजा दिलवाने का भी आश्वासन दिया।

### पुटकी में स्क्रैप लोहा लदा मिनी ट्रक गड्ढे में गिरा, चालक फरार

**धनबाद :** पुटकी-भागा लिंक रोड पर कच्छी बलिहारी के सरकारडीह तालाब के समीप मंगलवार को मिनी ट्रक नंबर जेएच09 क्यू 6455 असंतुलित होकर गड्ढे में जा गिरा। ट्रक पर स्क्रैप लोहा लदा हुआ है। दुर्घटना के बाद वाहन चालक भाग निकला। सूचना मिलते ही पुटकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। पुलिस गड्ढे में गिरे मिनी ट्रक को बाहर निकालने के प्रयास में जुटी थी।

### शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदान जागरूकता दौड़ का आयोजन



जमशेदपुर : मतदान में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप के अंतर्गत जिला प्रशासन और नगर निगम आदित्यपुर ने 13 नवम्बर को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आदित्यपुर के युवाओं, छात्र-छात्राओं, जागरूक नागरिकों, युवक-युवतियों के आइकॉन के उत्साहवर्द्धक भागीदारी के बीच मतदान जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ एस टाइप मैदान में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मिसेज इंडिया रनरअप आदित्यपुर की नेहा मिश्रा थीं। नगर निगम की अपर नगर आयुक्त सह प्रशासक रवि प्रकाश के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उप नगर आयुक्त पारूल सिंह ने सभी का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में गम्हरिया प्रखंड के बीडीओ अभय द्विवेदी मौजूद थे। वे जिला प्रशासन की ओर से चुनाव आयोग के स्वीप कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रयासरत हैं। उन्होंने भी उपस्थित लोगों का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम का संचालन सिटी मैनेजर देवाशीष प्रधान ने किया। वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष रवींद्र नाथ चौबे और कराटे की चैम्पियन पूजा झा ने अपने विचार से युवक-युवतियों का उत्साहवर्द्धन किया। मौके पर सिटी मैनेजर अजय कुमार और पूर्व पार्षद सुधीर कुमार और अन्य उत्साही मतदाता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक उदय चंद्रवंशी ने किया।

## चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र-56 में प्रत्याशी डॉ विजय गागराई का जनसंपर्क अभियान जोरों पर

### उन्हें ग्रामीण ओर सुदूर क्षेत्रों के लोगों का भी भरपूर मिल रहा समर्थन

**मेट्रो रेज**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र-56 से विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी डॉ0 विजय गागराई अपने सामाजिक कार्यों एवं व्यापक जनसमर्थन तथा लोगों से मिल रहे भरपुर स्नेह के फलस्वरूप काफी हर्षित हैं और उनका मनोबल भी काफी बेहतर है। डॉ0 विजय गागराई शिक्षाविद् होने के साथ-साथ पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव भी हैं और इसी सामाजिक संस्था के द्वारा उन्होंने विगत निरंतर कई वर्षों से लोगों के बीच सरल, सहज रूप से उपस्थित रहें और अपने सहभागिता भी निभाई। उनके द्वारा



सुदूर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की पीड़ा और समस्या जानने के पश्चात उसके निस्पादन हेतु किये गये कारगर पहल का ही यह परिणाम है कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में वे काफी लोकप्रिय हैं और उनकी लोकप्रियता नामांकन के दिन भी देखने को मिला जब उनके साथ उपस्थित जनसमूह को देखकर लोग काफी हैरत में भी दिखें। कहा जाता है कि डॉ0 विजय गागराई प्रारंभ से ही लोगों के साथ हमेशा सहज सरल और उनके बीच रहें और इसका प्रतिफल यह रहा कि लोगों के दबाव पर वे चुनावी मैदान में हैं। शिक्षाविद् डॉ0 विजय गागराई की व्यवहार कुशलता और सहज रूप से लोगों के बीच उनकी सहभागिता भी लोगों के निकट उन्हें लाया है जो निश्चित तौर पर वर्तमान समय में डॉ0 विजय गागराई की स्थिति को बेहतर और सुदृढ़ भी बना रहा है ऐसा राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है।

# मोहब्बत की दुकान में नफरत का बाजार गर्म : रवींद्र राय

**मेट्रो रेज**

**धनबादः** टुंडी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विकास महतो के नामांकन में शामिल होने के लिए बीजेपी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय धनबाद पहुंचे। हेलीकॉप्टर से बरवाअड्डा हवाई अड्डा पहुंचने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने जामताड़ा से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के ऊपर मंत्री इरफान अंसारी द्वारा अभद्र टिप्पणी करने पर एतराज जताया और मामले में जेएमएम पर भी जुबानी हमला बोला है। झारखंड बीजेपी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह कांग्रेस के नेता महिलाओं का चरित्र हनन कर रहे हैं उससे साफ है कि महिलाओं के प्रति उनके मन में कितना सम्मान है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मोहब्बत की दुकान में नफरत का बाजार गर्म है।



इस दौरान बीजेपी के वरीय नेता रवींद्र राय ने कहा कि द्वापर युग में अंधे का बेटा अंधा कहने पर द्रौपदी का चीरहरण हुआ और फिर महाभारत हुआ। त्रेता युग में सीता हरण हुआ तो लंका दहन हुआ। अब जामताड़ा में हम जेएमएम और कांग्रेस का इतिहास मिटाएंगे। उन्होंने कहा कि जामताड़ा के कांग्रेस नेता और मंत्री बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन का चरित्र हनन करते हैं और उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर नहीं किया गया इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा।

बताते चलें कि मंत्री इरफान अंसारी पर आरोप है कि उन्होंने कथित रूप से बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन के ऊपर अभद्र टिप्पणी की है। इसे लेकर बीजेपी नेताओं में आक्रोश है। बीजेपी के नेता मंत्री इरफान अंसारी से इस्तीफे और मंत्रिमंडल से हटाने की मांग कर रहे हैं। सीता सोरेन भी मंत्री इरफान अंसारी के बयान से काफी आहत हुईं हैं।